




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 44 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 14 नवंबर 2025 डाक 15 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गैबोरोन में बोत्सवाना के उपराष्ट्रपति नदाबा नकोसिनथी गौलाथे से मुलाकात की...



**देश-विदेश**
फर्जी बिलों से अरबों की उगाही आयुष्मान योजना बनी कमाई का जरिया



**कोरिया पेज**
भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर होंगे जिले में कार्यक्रम




## रुझानों में तेजस्वी यादव और तेज प्रताप अपनी-अपनी सीटों पर पिछड़े, बिहार में एनडीए को निर्णायक बढ़त

**पटना, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में बंपर वोटिंग के बाद आज परिणाम सामने आएंगे, जिससे साफ हो जाएगा कि बिहार में किसकी सरकार बनने जा रही है। इसको लेकर वोटों की गिनती जारी है। रुझानों में एनडीए को बहुमत मिलता दिखाई दे रहा है। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए किसी दल या गठबंधन के पास 122 सीटें होना जरूरी है। बिहार चुनाव 2025 में एनडीए में शामिल बीजेपी 101, जदयू 101 चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी (रामविलास) 29, उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम 6 और जीतन राम मांझी की पार्टी हम भी 6 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं महागठबंधन में शामिल आरजेडी 143, कांग्रेस 61, वाम दल 30 और व्हीआईपी 9 सीटों पर अधिकारिक तौर से मैदान में है। इसके अलावा कुछ सीटों पर महागठबंधन की फ्रेंडली फाइट है, जिसमें चैनपुर, करगहर, नरकटियागंज, सिकंदरा, कहलगांव और सुल्तानगंज सीटें शामिल हैं।



इस चुनाव में महुआ सीट से तेजप्रताप यादव, अलीनगर से मैथिली ठाकुर, मोकामा से अनंत सिंह, छपरा से खेसारी लाल यादव, राघोपुर से तेजस्वी यादव, तारापुर से सम्राट चौधरी, लखीसराय से विजय सिन्हा और प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी के प्रदर्शन पर देशभर की नजरें हैं। महुआ से तेज प्रताप यादव चौथे नंबर पर चल रहे हैं।

10776 वोट से पीछे। यहां से लोजपा के संजय कुमार सिंह आगे चल रहे हैं। राजद के मुकेश रौशन दूसरे नंबर पर हैं। राघोपुर चौथे राउंड में भाजपा के सतीश कुमार 3016 वोट से आगे चल रहे हैं। तेजस्वी यादव पीछे हैं। दानापुर से भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकृपाल यादव 12563 वोट से पीछे। आरजेडी के रीतलाल यादव आगे चल रहे हैं।बिहार विधानसभा चुनाव मतगणना पर बोलते हुए भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, हमने एग्जिट पोल के समय भी कहा था कि दिशा सही है, लेकिन मंजिल और भी बेहतर होगी और अंतिम संख्या अनुमान से भी मजबूत होगी। आज के परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में एनडीए द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को साबित करते हैं।

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में बड़ी कार्रवाई

## आतंकी उमर नबी के घर को आईईडी से उड़ाया



**नईदिल्ली 14 नवंबर [एजेंसी]।**

सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को इस हफ़्ते हुए लाल किला विस्फोट के मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर नबी के पुलवामा स्थित आवास को नियंत्रित तरीक़े से ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि चल रही जाँच के तहत घर को एक इम्प्रोवाइज़्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से नष्ट कर दिया गया। यह तोड़फोड़ गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को की गई। अधिकारियों ने लाल किले पर हुए विस्फोट में शामिल हुंडई आई20 कार का संबंध कश्मीर के एक डॉक्टर डॉ. उमर-उन-नबी से जोड़ा है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह कार चला रहा था। इस विस्फोट में 13 लोग मारे गए थे और 20 से ज़्यादा घायल हुए थे। हमले में उसकी वास्तविक भूमिका की जाँच की जा रही है। विस्फोट के बाद, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रात भर छापेमारी की और डॉ. उमर के परिवार के तीन सदस्यों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि उमर कथित तौर पर कश्मीर के दो अन्य डॉक्टरों के संपर्क में था, जिन्हें फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश होने के बाद हिरासत में लिया गया था, जिसमें 2,900 किलोग्राम विस्फोटक की जब्ती भी शामिल थी। विस्फोट स्थल से एकत्र किए गए डीएनए नमूनों के उसकी माँ के डीएनए नमूनों से मेल खाने के बाद उमर की पहचान की पुष्टि हुई।

अधिकारियों ने बताया कि उमर, जिसे कभी अपने समुदाय में एक प्रतिभाशाली और अकादमिक रूप से समर्पित डॉक्टर माना जाता था, पिछले दो वर्षों में कट्टरपंथी विचारों की ओर आकर्षित हुआ प्रतीत होता है। उन्होंने पाया कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई कट्टरपंथी संदेश समूहों में शामिल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि तीनों संदिग्ध - डॉ. उमर नबी, जो विस्फोटकों से लदी हुंडई आई 20 चला रहे थे, डॉ. मुज़म्मिल अहमद गनाई और डॉ. शाहीन शाहिद - ने अपनी कथित साजिश की योजना बनाने और उसे अंजाम देने के लिए स्विट्ज़रलैंड स्थित एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म थ्रीमा का सहारा लिया था।

### आईईडी ब्लास्ट में एसटीएफ जवान घायल, रायपुर लाया जा रहा

**बीजापुर, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट हो गया। विस्फोट की चपेट में आने से एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को तुरंत रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मुठभेड़ इलाके में अभी भी जारी थी और सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई कर रहे हैं।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, रतलाम में बेकाबू कार खाई में गिरी, पांच लोगों की मौत

**रतलाम, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के रतलाम में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जहां दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 15 वर्ष का एक बच्चा भी शामिल है। घटना सुबह करीब 08 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, रावटी से 10 किलोमीटर दूर भीमपुरा गांव में घटना माही नदी के पुल से पहले हुई। कार क्रमांक एमएच 03 ईएल 1388 नंबर की कार दिल्ली से मुंबई की ओर जा रही थी। एक्सप्रेसवे पर वाहन अचानक अनियंत्रित हुआ और खाई में जा गिरा। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



सूचना मिलने पर पुलिस व हाईवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। शवों को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कालेज भेजा गया। थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह गडरिया ने बताया कि मृतकों की पहचान कर स्वजन को सूचना दी जा रही है। हादसे के कारणों की जांच कर रहे है। शुरुआती जांच में घटना के पीछे की वजह तेज रफ्तार बताई जा रही है।

### नारायणपुर में नक्सलियों का बड़ा स्मारक ध्वस्त

## डीआरजी और आईटीबीपी को मिली बड़ी सफलता



**नारायणपुर, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा और जन सुविधा को और मजबूत करने के लिए नया सुरक्षा कैम्प अब जाटलूर में खुल गया है। सुरक्षा बलों ने यहां नक्सलियों द्वारा बनाए गए भव्य स्मारक को ध्वस्त किया, जो लंबे समय से इस क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों का प्रतीक रहा है। छत्तीसगढ़ पुलिस के विशेष दस्ते डीआरजी , बस्तर फाइटर और केंद्रीय अर्धसैनिक बल आईटीबीपी ने संयुक्त अभियान चलाते हुए नक्सली संरचनाओं को निशाना बनाया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान में सुरक्षा बलों की सटीक योजना और स्थानीय खुफिया तंत्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जानकारी के अनुसार, अबूझमाड़ में पिछले एक वर्ष में कुल 16 सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जा चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि इन कैम्पों से न केवल नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगेगा बल्कि स्थानीय लोगों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं तक आसानी से पहुंच भी सुनिश्चित होगी। जाटलूर में स्थापित नया कैम्प स्थानीय निवासियों के लिए जन सुविधा केन्द्र भी होगा। यहां स्वास्थ्य, आपातकालीन सहायता और संपर्क सुविधा जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि अबूझमाड़ के ग्रामीणों को सुरक्षा के साथ-साथ मूलभूत सुविधाएं भी मिलें। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि इस पहल का लक्ष्य केवल नक्सली खतरे को कम करना ही नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना भी है। सुरक्षा बलों का कहना है कि नक्सलियों द्वारा बनाए गए स्मारक को ध्वस्त करना इस क्षेत्र में कानूनी और संवैधानिक ढांचे को मजबूत करने का प्रतीक है। विशेषज्ञों का मानना है कि अबूझमाड़ में सुरक्षा की यह कवरेज न केवल नक्सलियों के लिए बड़ी चुनौती साबित होगी बल्कि यहां विकास की नई दिशा भी तय करेगी।

### यूनिवर्सिटी में घोटाले का खुलासा

## पूर्व कुलपति और 5 अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालयके पूर्व कुलपति और कुलसचिव सहित विश्वविद्यालय के पांच अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यह मामला वर्ष 2018 का है और इसे लेकर लोक सेवा आयोग ने निर्देश जारी किए हैं। जानकारी के अनुसार इन अधिकारियों पर कॉलेजों को संबद्धता देने में अनियमितता और आर्थिक लेन-देन के आरोप थे। लोक सेवा आयोग ने इस मामले की जांच के बाद संबंधित अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को आदेश दिए हैं।




### बैंक फ्रॉड मामले में अनिल अंबानी पूछताछ के लिए ईडी के सामने नहीं हुए पेश

**नई दिल्ली।** रिलायंस एडीएजी समूह के अनिल डी.अंबानी को बैंक फ्रॉड मामले में दूसरे दौर की पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दिल्ली मुख्यालय में पेश नहीं हुए। हालांकि, उन्होंने वर्चुअल पेशी का प्रस्ताव रखा है। अनिल अंबानी की ओर से जारी एक बयान में, कंपनी ने कहा कि वह सभी मामलों में ईडी के साथ पूरा सहयोग करेगी और वर्चुअल माध्यम से पेश होने को तैयार है। ईडी सूत्रों के अनुसार, उन्हें अभी तक अनिल अंबानी या उनकी कंपनी से ऐसा कोई संदेश नहीं मिला है। अनिल अंबानी की ओर से जारी बयान में कहा गया, अनिल डी. अंबानी को ईडी की ओर से भेजा गया समन फेमा जांच से संबंधित है, न कि पीएमएलए के किसी मामले से इसका जुड़ाव है।

## कर्नाटक में किसानों का गुस्सा: गन्ने के दाम को लेकर हिंसक प्रदर्शन, ट्रैक्टर जलाए गए, धारा 144 लागू

**कर्नाटक 14 नवंबर।** बागलकोट में गन्ना किसानों का विरोध प्रदर्शन मे कल हिंसक हो गया। गोदावरी शुगर्स फैक्ट्री के अंदर गन्ने से लदे 100 से ज़्यादा ट्रैक्टरों में आग लगा दी गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दृश्यों और शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, फैक्ट्री के अंदर कतार में खड़े ट्रैक्टर आग की लपटों में घिरे हुए दिखाई दे रहे थे और आसपास घना धुआँ छा गया था। अफरा-तफरी के बीच दो मोटरसाइकिलों में भी आग लगा दी गई। मौके पर पुलिसकर्मियों की संख्या कम थी, जिससे जिला प्रशासन को स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ गोयल मौके पर मौजूद थे और अधिकारी स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे। हालांकि, किसान नेता सुभाष शिराबुर ने इस बात से इनकार किया कि आगजनी के लिए किसान ज़िम्मेदार थे। उन्होंने आरोप लगाया कि फ़ैक्ट्री से जुड़े लोगों ने पुलिस अधिकारियों के सामने हिंसा की। गन्ने से भरे ट्रैक्टरों में आग लगाने वाले हम नहीं हैं। एसपी साहब खुद वहाँ मौजूद थे। उधर से पत्थर फेंके गए, और हमारे लोग और कुछ पुलिसवाले भी घायल हुए। उन्होंने दावा किया कि हमलावरों ने पुलिस वाहनों और किसानों को निशाना बनाया और फ़ैक्ट्री के अंदर आग जानबूझकर किसानों की छवि खराब करने के लिए लगाई गई थी।



यह घटना गन्ना किसानों और सरकार के बीच कीमतों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच हुई है। मुधोल के किसान गन्ने के लिए 3,500 रुपये प्रति टन की माँग कर रहे हैं और पिछले हफ़्ते बेलगावी के किसानों द्वारा तय की गई 3,300 रुपये की संशोधित दर को स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं।

## मालेगांव विस्फोट पीड़ितों की याचिका पर एनआईए दाखिल करेगी जवाब, 7 आरोपियों को बरी करने के फैसले को दी गई चुनौती

**नईदिल्ली।** राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) ने कहा कि वह 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले के सभी सात आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ पीड़ितों द्वारा दायर अपील पर जवाब दाखिल करने पर विचार कर रही है। महाराष्ट्र सरकार और केंद्रीय जाँच एजेंसियों, आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) या एनआईए, दोनों में से किसी ने भी पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर, सेवारत और हाल ही में पदोन्नत कर्नल प्रसाद पुरोहित और पाँच अन्य को मामले से बरी किए जाने को चुनौती देने वाली अपील दायर नहीं की है। जब पीड़ितों द्वारा दायर अपील मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम ए. अंखड की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई, तो अदालत ने एजेंसियों से पूछा कि क्या वे कुछ लिखित दलीलें दाखिल करना चाहती हैं। एनआईए की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने कहा, हम इस पर विचार कर रहे हैं। पीठ ने पाया कि कुछ बरी किए गए लोगों को अभी तक नोटिस नहीं दिए गए हैं और इसलिए वे अदालत में पेश नहीं हुए हैं। पीठ ने निर्देश दिया कि पुलिस उन दो आरोपियों को नोटिस तामील कराने में मदद करे जो अपील दायर करने के बाद भी अदालत में पेश नहीं हुए हैं।



## पूर्व पीएम नेहरू की 125वीं जयंती पीएम मोदी और खरगे ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आजादी के नायक और भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 125वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। हर साल 14 नवंबर को नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस मौके पर देशभर में बच्चों और शिक्षकों के बीच उत्सव और यादों का माहौल रहता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर संदेश साझा करते हुए कहा, आज हम स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 125वीं जयंती मना रहे हैं। उन्हें मेरी श्रद्धांजलि। हम स्वतंत्रता संघर्ष में उनके योगदान और स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में उनकी भूमिका को याद करते हैं। नेहरू, जिन्हें बच्चों का प्रिय चाचा नेहरू कहा जाता था, भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे। उन्होंने देश को आजादी के बाद नए रास्ते दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- पंडित जवाहरलाल नेहरू की विरासत एक शाश्वत प्रकाश स्तंभ की तरह है, जो भारत के विचार और उनके द्वारा पोषित मूल्यों - स्वतंत्रता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच - को प्रकाशित करती है। उनकी दूरदर्शिता हमारी अंतरात्मा को प्रेरित करती है और हमारे सामूहिक कार्यों को आकार देती है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, एक ऐसे नेता को श्रद्धांजलि, जिन्होंने सत्य, एकता और शांति को गहराई से संजोया। हमारे राष्ट्र के भविष्य के लिए बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## एयरपोर्ट पर बड़ी कार्रवाई: 20 करोड़ का मारिजुआना, 1.78 करोड़ का सोना जब्त

**मुंबई, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर सीमा शुल्क विभाग ने पिछले तीन दिनों में ड्रग्स और सोने की तस्करी पर जोरदार प्रहार किया है। खुफिया सूचना और सतर्कता के दम पर कुल 19.645 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) और 1.55 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत करीब 20.65 करोड़ रुपए है। इस क्रम में 6 यात्री और 2 रिसीवर भी गिरफ्तार किए गए। बैंकॉक से आने वाली थाई एयरवेज की उड़ान टीजी-351 सबसे ज्यादा निशाने पर रही। 10 नवंबर को दो अलग-अलग यात्रियों के ट्रॉली बैग से 10.090 किग्रा और 5.745 किग्रा हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई, जिनकी कीमत क्रमशः 10.09 करोड़ और 5.745 करोड़ रुपए रही। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उसी दिन एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2338 के शौचालय से 3.921 किग्रा मारिजुआना मिला, जिसकी कीमत 3.921 करोड़ रुपए आंकी गई। 12 नवंबर को फिर टीजी-351 से आए एक यात्री के बैग के नकली तल में 889 ग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई, जिसकी कीमत 88.9 लाख रही। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस तरह चार मामलों में 19.645 किग्रा मारिजुआना जब्त हुई। सभी मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई हुई। बुधवार को मुंबई-दुबई जाने वाली फ्लाईदुबई की उड़ान एसजी-13 से दो यात्रियों को रोका गया। व्यक्तिगत तलाशी में उनके मोजों में मोम में लिपटे चार पैकेट 24 कैरेट सोने का चूर्ण मिला, जिनका वजन 1550 ग्राम (कीमत 1 करोड़ 78 लाख 26 हजार रुपए) था। दोनों यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। हवाई अड्डे के बाहर सोना लेने के लिए इंतजार कर रहे दो रिसीवर भी पकड़े गए, इस तरह कुल चार गिरफ्तारियां हुईं।




मुंबई से दुबई जाने वाले एक यात्री के हैंडबैग बैग से 15,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 13.16 लाख रुपए) बरामद हुए, जो बिना घोषणा के ले जाया जा रहा था। सीमा शुल्क आयुक्त ने बताया कि बैंकॉक से हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की तस्करी बढ़ी है। हमारी टीमें 24मे 7 अलर्ट हैं। एयरलाइंस क्रू की सूचना और खुफिया तंत्र ने बड़ी सफलता दिलाई। विभाग ने कहा कि सोने की तस्करी में नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं, लेकिन तकनीक और सतर्कता से हर कोशिश नाकाम की जा रही है।

# पी.एम.ए.वाई. शासन की महत्वपूर्ण व फ्लेगशिप योजना के कार्यो में कोताही स्वीकार्य नहीं : आयुक्त आशुतोष पाण्डेय

**कोरबा ।** निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की अति महत्वपूर्ण व फ्लेगशिप योजना है, अत: योजना से जुड़े कार्यो में धीमी कार्य प्रगति कतई स्वीकार्य नहीं होगी, अत: कार्य प्रगति में तेजी लाएं, जिन आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें प्रारंभ कराएं तथा निर्माणाधीन आवासगृहों की कार्य प्रगति में तेजी लाकर समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करवाएं। उन्होने कहा कि सभी जोन कमिश्नर व्यक्तिगत रूचि लेकर अपने-अपने क्षेत्र में साईट विजिट करें, हितग्राहियों से चर्चा करें तथा आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ करने तथा समयसीमा में निर्माण को पूरा करने हेतु उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करें।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारियों, जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना सहित निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो, भवन निर्माण अनुमति, राजस्व वसूली, अवैध निर्माण व अतिक्रमण सहित विविध कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करी। बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की कार्यप्रगति पर विशेष रूप से फोकस करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आवासगृहों के निर्माण से जुड़े विभिन्न चरणों के कार्यो में अपेक्षित तेजी लाएं, जिन आवासगृहों का निर्माण हितग्राहियों द्वारा प्रारंभ नहीं किया गया है, ऐसे हितग्राहियों को प्रेरित व प्रोत्साहित करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करवाएं, साथ ही फाउंडेशन, लेंटल व रूफ लेबल आदि तक पहुंचे आवासगृहों के निर्माण कार्यो में अपेक्षित तेजी लाकर निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने योजना के ए.एच.पी. घटक अंतर्गत निर्मित आवासगृहों के आबंटन की स्थिति की समीक्षा की तथा आबंटित आवासगृहों में हितग्राहियों की शिद्धफ्टंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने भवन निर्माण अनुमति से जुड़े कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन निर्माण अनुमति हेतु प्राप्त आवेदनों व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र में सामान्य सर्वे कराएं तथा यह देंखे कि कहॉं-कहॉं पर बिना अनुमति के निर्माण हो रहा है, बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण की जोनवार सूची बनाएं, संबंधितों को नोटिस जारी करें तथा नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम की राजस्व वसूली से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए सम्पत्तिकर, समेकित कर, जलकर, भवन दुकान किराया सहित अन्य करों की वसूली की वर्तमान कार्यप्रगति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लाई जाए तथा समयसीमा में प्रदत्त लक्ष्य को पूरा किया जाए। उन्होने बड़े बकायादारों की सूची तैयार करने तथा बकायाकरों की वसूली हेतु नियमों के तहत विशेष कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

* विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा

आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, वित्त आयोग मद, सांसद मद, विधायक मद, प्रभारी मंत्री मद, निगम मद, पार्षद मद सहित विभिन्न मदों के अंतर्गत स्वीकृत, प्रगतिरत विकास कार्यो की वर्तमान कार्यप्रगति की जोनवार व वार्डवार समीक्षा करते हुए कार्यप्रगति में तेजी लाने, स्वीकृत कार्यो की निविदा की कार्यवाही समयसीमा में पूरी करने, नवीन कार्यो को प्रारंभ कराने तथा प्रगतिरत कार्यो को पूरी गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूरा करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त नीरज कौशिक व बी.पी. त्रिवेदी, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, एन.के. नाथ, प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, राकेश मसीह, सुनील टांडे, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, आकाश अग्रवाल, लीलाधर पटेल, यशवंत जोगी, विपिन मिश्रा, मोतीलाल बरेठ, सुशील सोनी, रमेश सूर्यवंशी, विनोद गोंड़, किरण साहू, आदि के साथ पी.एम.ए.वाई.के सी.एल.टी.सी., पी.एम.सी. आदि के साथ अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**कोरबा ।** देश के पहले उप प्रधानमंत्री और भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित यूनिटी मार्च कार्यक्रम में पंहुचे मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर श्री अजीत वसंत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने बादाम के पौधे रोपित कर पौधे के सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रेमलता यादव भी उपस्थित थी।



## नशामुक्त भारत बनाने एवं आत्मनिर्भर भारत कोरबावासियों ने ली शपथ

**कोरबा।** देश के पहले उप प्रधानमंत्री और भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित यूनिटी मार्च कार्यक्रम में पंहुचे मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली विद्यार्थियों, कालेज के छात्र-छात्राओं, एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स सहित उपस्थित् आमनागरिकों को नशा से दूर रहने और देश को आगे बढ़ाने, आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु देश में बने उत्पादों का उपयोग करने एवं अपने आस-पास स्वदेशी अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर सहित पार्षदगण जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिकगण उपस्थित थे।

## नवीन कुटुम्ब न्यायालय भवन निर्माण हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा ।** तहसीलदार न्यायालय कटघोरा द्वारा आम जनता को सूचित किया गया है कि तहसील कटघोरा अंतर्गत नवीन कुटुम्ब न्यायालय भवन निर्माण हेतु व्यवहार न्यायालय भवन परिसर कटघोरा के अभियोजन कार्यालय के समीप शासकीय भूमि ख.नं. 2109/1क रकबा 1.526 हे. में से 40 गुणा 40 मीटर अर्थात 40 डिसमिल शासकीय भूमि आबंटित किये जाने के संबंध में मूल प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, जिस पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24/11/2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना : 05 दिवसीय कोर्स हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाली जिला में पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना 5 दिवस कोर्स संचालित है। इसमें प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आई.टी.आई.(विद्युतकार) उत्तीर्ण अनिवार्य है। सीट की संख्या-25 है। उक्त योजना में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी संस्था के कार्यालय में कार्यालयीन समय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को आधार कार्ड, आटीआई उत्तीर्ण अंकसूची एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो जमा करना अनिवार्य है।

## सखी निवास संचालन हेतु किराए के भवन के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा ।** भारत सरकार द्वारा एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं महिला कल्याण से संबंधित 'मिशन शक्ति' अंतर्गत सखी निवास योजना संचालन करने हेतु निर्देश दिए गए है।कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कोरबा द्वारा सखी निवास संचालन हेतु किराए के भवन के लिए इच्छुकों से आवेदन मंगाय गया है। उन्होंने बताया कि सखी निवास संचालन हेतु 50 महिलाओं के लिए बिस्तर, कूलर, गीजर, वाटरकूलर, सीसीटीवी सहित कार्यालय चलाने हेतु उपकरण एवं फर्नीचर रखने हेतु सर्व सुविधायुक्त किराए के भवन की आवश्यकता है। शासन द्वारा समस्त करों सहित सखी निवास भवन का मासिक किराया 37500 रुपए निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति किराए के भवन के संपूर्ण जानकारी के साथ 14 से 24 नवम्बर 2025 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टोरेट परिसर जिला कोरबा में आवेदन जमा कर सकते है।

## सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों के लिए सुनहरा अवसर

**कोरबा ।** दिनांक 15.11.2025 स्थान - कलेक्टोरेट परिसर कोरबा में जिला स्तरीय शहीद वीर नारायाण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति लोक कला महोत्सव 2025 में कोरबा जिले के प्रतिष्ठित/ख्याति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो आदिवासी लोककला (नृतक) अंतर्गत अपनी प्रस्तुति देना चाहते हो, वे अपने अधीनस्थ जनपद पंचायत कार्यालय में प्रविष्टि भर कर आवश्यक दस्तावेज / सहित दिनांक 14 नवंबर 2025 को समय शाम 04.00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

# सहस्त्रबाहु जयंती के लिए कलार समाज जुटा तैयारी में

**कोरबा -दीपिका ।** कलार समाज अपने आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु का जयंती मना रहा है। जायसवाल कलार समाज दीपिका द्वारा भी सहस्त्रबाहु जयंती भव्य शोभायात्रा निकालकर 16 नवंबर को मनाया जाएगा । उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं 20 सूत्री कार्यक्रम मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ,पूर्व खाद्य आयोग के अध्यक्ष ज्योति नंद दुबे, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कुमार जिले के सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल, कटघोरा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राज जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल, प्रगतिशील जयसवाल कनौजिया कलार समाज के अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव नगर पालिका परिषद दीपका के अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत उपस्थित रह कार्यक्रम की शोभा बढाएंगे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता उच्च न्यायालय बिलासपुर एवं हैहयवंशी कलचुरी कलार समाज के अध्यक्ष मनोज राय करेंगे।कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय कलार समाज की आराध्या माता समलाई की पूजा अर्चना कर उसके दरबार से भव्य शोभायात्रा की निकाली जाएगी जो बजरंग चौक से पाली रोड नगर पालिका गेट होते हुवे उसी मार्ग से वापस आकर नगर पालिका होते हुए स्नेह मिलन तक जाएगी । जहां कलार समाज के आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की भव्य आरती का आयोजन किया गया है ।भगवान सहस्त्रबाहु की झांकी और समाज की महिलाओं की युवतियों के द्वारा बुलेट चलाकर की जाएगी शोभायात्रा की अगुवानीशोभा यात्रा में सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र भगवान सहस्त्रबाहु की झांकी और समाज की महिलाओं की युवतियों के द्वारा बुलेट चलाकर शोभा यात्रा की अगवानी की जाएगी।कार्यक्रम के संयोजक मंडल सदस्यों ने बताया कि यह शोभा यात्रा नारी सशक्तिकरण की थीम पर तैयार किया गया है जिसमें सर्वप्रथम नारी शौर्यता का प्रदर्शन बुलेट चलाते हुवे देखा जा सकता है। वही भगवान सहस्त्रबाहु को अपनी सहस्त्र भुजाओ के साथ झांकी मे प्रस्तुत करना हैरत अंगेज प्रदर्शन होगा। माता बहादुर कलारिन की आकर्षक एवं मनोरम झांकी शोभायात्रा मे देखने को मिलेगा इसके अलावा शानदार रथ और मशहूर धमाल छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य करमा का महिलाओ की टीम द्वारा प्रदर्शन साथ ही समाज की महिलाएं पिंक कलर की पारम्परिक पारिधान में आकर्षक पगड़ी और ध्वज पताका के साथ शोभायात्रा में निकलेंगी।शोभायात्रा में सुविधाओं का रखा जाएगा ख्याल ,सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति,किया जाएगा सम्मानजिस रास्ते से शोभायात्रा निकलेगी उसे रास्ते को पोस्टर और बैनर झंडे से सजाया जा रहा है।

शोभायात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं और पुरुष सदस्यों को बीच-बीच में चाय नाश्ता और पानी की व्यवस्था समिति के सदस्यों से जाती बांधो एवं स्थानीय नेताओं के द्वारा किया जा रहा है।इधर स्नेह मिलन प्रगति नगर दीपिका में महा आरती के पश्चात अतिथियों का सम्मान किया जाएगा उसके पश्चात आकर्षक एवं रंगारंग गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

उपस्थित अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति की जावेगी।कार्यक्रम में जायसवाल कलार समाज दीपका की ओर से बाहर से आए हुए अतिथियों एवं स्थानीय सामाजिक सदस्यों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए अलग-अलग टीम का गठन किया गया है।

## जनपद पंचायत कोरबा में पदस्थ बाबू के खिलाफ हुई शिकायत पर जांच दल गठित

**कोरबा ।** कोरबा छत्तीसगढ़ जनपद पंचायत में पदस्थ बाबू के खिलाफ भ्रष्टाचार, काम में अनियमितता की शिकायत शपथपत्र देते हुए शिकायतकर्ता ने जिला के प्रमुख अधिकारियों सहित राज्य के उच्च अधिकारियों से की गई थी, जिस पर संचालक पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा ने शिकायत की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए तीन सदस्यों का दल गठित किया है।

## दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद कोरबा जिले में भी अलर्ट जारी

### पुलिस और आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर करी सघन जांच

**कोरबा ।** कोरबा जिले में भी दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद अलर्ट जारी किया गया है। जिला पुलिस और रेलवे आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया। यात्री ट्रेनों के पहुंचते ही डॉग स्क्वायड की मदद से ट्रेनों और यात्रियों के सामान की तलाशी ली गई। स्टेशन परिसर, दूसरी एंट्री और आसपास के क्षेत्रों में भी जांच की गई। पार्सल यान केंद्र में बाहर से आने वाले सामानों की भी गहनता से जांच की गई। स्टेशन परिसर के बाहर लावारिस पड़े सामानों की भी जांच की गई। स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित साइकिल स्टैंड में विशेष रूप से उन वाहनों की पड़ताल की गई जो लंबे समय से खड़े थे या हाल ही में रखे गए थे।रेलवे आरपीएफ ने भी यात्रियों को जागरूक किया और सलाह दी कि यदि उन्हें कोई लावारिस या संदिग्ध वस्तु मिलती है, तो तुरंत रेलवे आरपीएफ पुलिस को सूचित करें। ट्रेन में किसी भी अनजान व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर या नजदीकी रेलवे पुलिस को देने की अपील भी की गई। रेलवे आरपीएफ थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि सुरक्षा कारणों से यात्री ट्रेनों में चेकिंग बढ़ा दी गई है। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है और लावारिस सामानों की लगातार जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशन के अतिरिक्त, कोरबा पुलिस ने कोरबा बस स्टैंड, टीपी नगर बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी जांच अभियान चलाया गया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर चलाया गया सुरक्षा अभियान

**कोरबा ।** राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर सड़क हादसों को रोकने और आम जनता में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज पुलिस प्रशासन और बीएससीपीएल की टोल प्लाजा टीम ने संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया।

यह जागरूकता अभियान एसडीओपी ललिता मेहर और टोल मैनेजर पवन प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। अभियान की अगुवाई कंट्रोल रूम खम्हारपाली के एग्जीक्यूटिव नवीन सैनी ने की, जिन्होंने अपनी हाईवे जांच चौकी टीम के साथ पुलिस कर्मियों का सक्रिय सहयोग किया।अभियान के दौरान दोपहिया, चारपहिया और अन्य वाहनों के चालकों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर जागरूक किया गया, जिसके अंतर्गत हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात नियमों का पालन, सुरक्षित ड्राइविंग के तरीके से स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के उपाय समझाए गए।



## देश की एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कोरबा में 'यूनिटी मार्च' का भव्य आयोजन

**कोरबा।** देश के पहले उप प्रधानमंत्री और भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर आज कोरबा नगर में भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। यह आयोजन 15 ब्लॉक सरदार पटेल सामुदायिक भवन व परिसर से प्रारंभ होकर कोसाबाड़ी चौक स्थित निर्मला कान्वेंट स्कूल परिसर में संपन्न हुआ।देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द्र के प्रतीक सरदार पटेल की स्मृति में निकाली गई इस रैली में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर श्री अजीत वसंत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, युवाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारत माता की जय, सरदार पटेल अमर रहें और वंदे मातरम् के उद्घोष से शहर का वातावरण देशभक्ति से गुंजायमान रहा। यूनिटी मार्च सरदार वल्लभभाई पटेल परिसर से आरंभ होकर नगर के प्रमुख चौक ट्रांसपोर्ट नगर चौक, सीएसईबी पूर्व चौक, अटल परिसर-विवेकानंद उद्यान, घंटाघर चौक, सुभाष चौक होते हुए कोसाबाड़ी चौक तक पहुँची। यूनिटी मार्च के शुभारंभ के दौरान अतिथियों ने पहले सरदार वल्लभभाई पटेल जी के प्रतिमा में माल्यार्पण किया। इसके बाद मार्च आगे बढ़ी और ढोढ़ीपारा चौक में लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## किसान समृद्धि का आधार - पशुपालन : कोरबा में 25 वर्षों की सुनहरी सफलता की कहानी

**कोरबा ।** कृषि प्रधान देश भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था सदियों से खेती पर आधारित रही है, किंतु समय के साथ यह स्पष्ट हो गया है कि किसान की समृद्धि केवल खेत की फसल पर निर्भर नहीं रह सकती। पशुपालन आज ग्रामीण आजीविका का दूसरा मजबूत स्तंभ बनकर उभरा है। दूध, गोबर, अंडे जैसे उत्पाद न केवल किसानों को अतिरिक्त आय देती है, बल्कि ग्रामीण उद्योगों और जैविक खेती को भी नई दिशा प्रदान करती है।

पशुपालन से जुड़ी गतिविधियाँ जैसे दुग्ध उत्पादन, डेयरी प्रसंस्करण और गोबर से जैविक खाद या बायोगैस निर्माण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व दे रही हैं। इससे किसानों को सालभर आय के अवसर मिल रहे हैं और रोजगार के नए रास्ते खुल रहे हैं। खेत में मेहनत करने वाले हाथों तभी सशक्त बनते हैं जब उनके पास स्वस्थ और उत्पादक मवेशी हो, इसी सोच को साकार करते हुए कोरबा जिले के पशु चिकित्सा सेवाएँ विभाग ने पिछले 25 वर्षों (2000 से 2025) में ऐसी उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिन्होंने न केवल पशुपालन की दिशा बदली बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई। पशु चिकित्सा सेवाओं विभाग ने योजनाओं के माध्यम से न केवल पशुओं का उपचार किया बल्कि किसानों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया है।

सेवा और समर्पण से बदली तस्वीर




वर्ष 2000 में जहाँ विभाग की गतिविधियाँ सीमित दायरे में थीं, वहीं 2025 तक कोरबा जिले के लगभग हर गाँव तक पशु चिकित्सा सेवाओं की पहुँच बन चुकी है। पशु उपचार की संख्या 28 हजार 822 से बढ़कर 95 हजार 097 तक पहुँच गई है, औषधि वितरण में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज किया गया है, वर्ष 2000 के 26 हजार 766 से बढ़कर वर्ष 2025 में 95 हजार 550 हो गई है।

विभाग ने पशुधन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृत्रिम गर्भाधान पर विशेष ध्यान दिया। जिले मे वर्ष 2000 में जहाँ मात्र 57 कृत्रिम गर्भाधान हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 20 हजार 481 तक पहुँच गई। वत्सोपादन 71 से बढ़कर 05 हजार 227 की गई है। यह वृद्धि बताती है कि अब किसान उन्नत नस्लों के माध्यम से बेहतर दूध उत्पादन की ओर अग्रसर हैं। बधियाकरण में भी भारी प्रगति दर्ज करते हुए 05 हजार 049 से बढ़कर 20 हजार 201 हो गई है। वर्तमान में डीटीकिंग 67 हजार 197 एवं कृमिनाशक दवापान 60 हजार 697 की गई है।

रोगमुक्त पशुधन की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति

पशुओं को रोगों से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान चलाए गए है। वर्ष 2000 में केवल 1.16 लाख टीकाकरण हुए थे, 2025 में यह संख्या बढ़कर 13 लाख 78 हजार 129 तक पहुँच गई। यह उपलब्धि जिले को रोगमुक्त पशुधन क्षेत्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

व्यक्तिमूलक योजनाओं की उपलब्धियाँ

कुक्कुट और बकरी पालन से ग्रामीणों को मिला नया सहारा


ग्रामीण किसानों की आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग ने कई योजनाएँ संचालित की हैं। विभाग की बैकयार्ड कुक्कुट इकाई वितरण योजनांतर्गत वर्ष 2025 तक 550 इकाइयाँ वितरित की जा चुकी हैं। नर बकरा वितरण भी बढ़कर 55 तक पहुँच गया है। वर्ष 2025 तक विभाग द्वारा साँड वितरण 12, उन्नतमादा वत्स पालन 41, राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना से 61 हितग्राही, राज्य पोषित बकरी उद्यमिता विकास योजना से 1 एवं राज्य पोषित कुक्कुट पालन प्रोत्साहन योजना से 3 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

# टोकन के लिए नही भटकेंगो किसान, दी गई सुविधा

### किसानों को मिलेगी घर बैठे टोकन सुविधा, समितियों में लंबी कतारों से मिलेगी मुक्ति

**कोरबा ।** किसानों को धान विक्रय हेतु सुगम एवं बेहतर व्यवस्था प्रदाय किये जाने हेतु खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 'तुहर टोकन मोबाइल एप' प्रारंभ किया गया है। इस एप के माध्यम से किसानों को घर बैठे धान विक्रय हेतु टोकन की व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे समितियों में लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी।

यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। के माध्यम से भी डाऊनलोड किया जा सकता है। इस ऐप में किसानों को सर्वप्रथम आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से पंजीयन करना होगा। किसान प्रतिदिन सुबह 8.00 बजे से इस ऐप के माध्यम से टोकन हेतु आवेदन कर सकेंगे।खाद्य सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने जानकारी दी कि धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए, सीमांत कृषक (2 एकड़ या 2 एकड़ से कम




भूमि) को अधिकतम 1 टोकन, लघु कृषक ( 2 से 10 एकड़ तक) को अधिकतम 2 टोकन तथा दीर्घ कृषक (10 एकड़ से अधिक) को अधिकतम 3 टोकन प्रदान किये जायेंगे।

नया टोकन बनाने हेतु समय-सीमा रविवार से शुक्रवार तक (प्रात: 8.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक) निर्धारित की गई है। जारी टोकन आगामी 07 खरीदी दिवसों के लिए मान्य रहेंगे।

धान खरीदी केन्द्र की प्रतिदिन की खरीदी सीमा का 70 प्रतिशत हिस्सा मोबाइल एप के माध्यम से टोकन हेतु आरक्षित रहेगा। इस 70 प्रतिशत में से लघु एवं सीमांत कृषक हेतु 80 प्रतिशत तथा दीर्घ कृषक हेतु 20 प्रतिशत का आरक्षण किया गया है।

उदाहरण स्वरूप यदि किसी उपार्जन केन्द्र की प्रतिदिन की खरीदी सीमा 1000 क्विंटल है, तो मोबाइल ऐप हेतु आरक्षित 700 क्विंटल में से 560 क्विंटल लघु एवं सीमांत कृषकों हेतु तथा 140 क्विंटल दीर्घ कृषकों हेतु आरक्षित रहेगा। शेष 30 प्रतिशत टोकन सोसाइटी स्तर पर भी किसानों हेतु उपलब्ध रहेंगे, जिससे सभी वर्ग के किसानों को धान विक्रय हेतु सहज और सुगम व्यवस्था प्राप्त हो सके। खाद्य विभाग द्वारा विकसित 'तुहर टोकन मोबाइल एप' राज्य के किसानों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से सशक्त बनाते हुए खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता, समान अवसर और समय की बचत सुनिश्चित करेगा।

## पटवारी गोविन्द राम कंवर निलंबित

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा तहसील कार्यालय पसान के पटवारी गोविन्द राम कंवर के विरूद्ध थाना जांजगीर में आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के कारण पटवारी गोविन्द राम कंवर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय भू-अभिलेख शाखा, कोरबा नियत किया गया है। निलंबन काल में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय सिटी कोतवाली जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छत्तीसगढ़) के पत्र क्रमांक/ थ.प्र./ सिटी कोत. जांजगीर/2225/2025 दिनांक 26.10.2025 द्वारा थाना जांजगीर के अपराध क्रमांक 961/2025, धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत एक शासकीय सेवक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना के परिप्रेक्ष्य में यह पाया गया कि पटवारी श्री गोविन्द राम कंवर, तहसील कार्यालय पसान, जिला-कोरबा (छ.ग.), ने अपने पदीय क्षेत्र के शासकीय कार्यों के प्रति प्रमाद एवं घोर लापरवाही बरती है, जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3(1)(क), (ख) एवं (ग) का उल्लंघन है।

उक्त आचरण को ध्यान में रखते हुए, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) द्वारा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्कालीन पटवारी श्री गोविन्द राम कंवर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय भू-अभिलेख शाखा, कोरबा नियत किया गया है। निलंबन काल में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# श्रीराधा-कृष्ण को पालकी में ऊठा निकाली गयी भव्य नगर यात्रा

**फूलों व आरती के साथ महिलाओं ने किया घर-घर स्वागत,सातवे दिवस क्षेत्रीय विधायक सहित जनप्रतिनिधियों ने किया राम नाम का रसपान**



**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के भगत चौक पुरानी बस्ती में आयोजित अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ समापन के बाद 9 नवम्बर को यज्ञ स्थल से देवी दाई मंदिर तक भव्य नगर यात्रा निकाली गयी। जहां श्रीकृष्ण राधा को पालकी में ऊठा नगर भ्रमण कराया गया।

यहां यह बताना लाजमि होगा कि श्रीकृष्णा-राधा जी को पालकी में ऊठा नगर भ्रमण पश्चात पूरे मोहल्ले भर के घर-घर ले जाया गया। जहां महिलाओं अपने स्परिवार के साथ भगवान की विधी-विधान से पूजा-अर्चना किये। भगवान श्रीराधा कृष्ण का नगर यात्रा को देखने बस्ती सहित पूरे शहरवासी टूट पड़े। आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं पुजारीगण भगवान श्रीराधा-कृष्ण की पालकी को कंधे ऊठाकर चल रहे थे। वहीं बाहर से आये किर्तन मण्डली भगवान श्रीराधा-कृष्ण के आगे-आगे अपने वेषभूषा एवं झांकियों के साथ राम नाम का जाप करते नजर आये। जैसे-जैसे भगवान श्रीराधा-कृष्ण पालकी घर-घर पहुंचने पर महिलाएं अपने घरों के सामने रंगोलियों एवं आरती व फूलों के साथ स्वागत किये। विदित हो कि भगत चौक पुरानी बस्ती में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ के सातवे दिवस क्षेत्र के जनप्रतिनिधी यज्ञ स्थल पहुंच भगवान श्रीराधा-कृष्ण के चरणों में मत्था टेक, लोगों के बीच बैठ श्रीराम नाम का रसपान किये। विदित हो कि जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती भगत चौक वार्ड क्र. 11 में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन लगातार 63 वर्ष से किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 100 साल पुराने विशाल वट वृक्ष के नीचे चबूतरे में 64 वें वर्ष में राम नाम सप्ताह यज्ञ आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। राम नाम सप्ताह यज्ञ के सातवे दिवस जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक ब्यास कश्यप, पार्षदगण विष्णु यादव, देवराज सिंह चंदेल, उमेश राठौर, पुष्पेन्द्र निर्मलकर, अनुराग शुक्ला, बल्लू राठौर, बबलू राठौर, योगेश बनर्जी, वहीं छठवे दिवस नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, नपा.उपाध्यक्ष मोहन यादव, समाज सेवी एवं भाजपा उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, पूर्व उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, मण्डल अध्यक्ष हितेश यादव, विवेक सिंह, अरूण झाझड़िया, गोपेश्वर कहरा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्रीराधा-कृष्ण के चरणों में पूजा-अर्चना कर श्रीराम नाम जाप का रसपान किये। गौरतलब है कि अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ में प्रतिवर्ष जिले सहित अन्य जिले से कीर्तन मण्डली बड़ी संख्या में पहुंचे थे। सप्ताह यज्ञ के सातवे दिवस कीर्तन मण्डली कर्रा, कीर्तन मण्डली चकरदा, किर्तन मण्डली जबड़ी द्वारा श्रीराम-सीता झांकी के साथ राम नायक के गायन प्रस्तुत किये, वहीं 10 नवम्बर को हवन, सहस्त्र धारा, ब्राम्हण भोज के साथ अखण्ड नाम सप्ताह यज्ञ का समापन हुआ।

**सवा लाख बाती से महाआरती**

अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ के अंतिम रात सातवें दिवस भगवान श्रीराधा-कृष्ण एवं श्रीराम जी की महाआरती सवा लाख घी के बाती से किया गया। महाआरती में पूरे बस्ती सहित नगरवासी सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए, महाआरती पश्चात महाभोग प्रसाद का वितरण किया गया।

## सरस्वती सायकल योजना से बेटियों के शिक्षा की राह हुई आसान: राजकुमार साहू



**जांजगीर-चाम्पा।** नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम सेमरा के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमी के पात्र 31 छात्राओं को वितरण किया गया। वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू उपस्थित थे, वही अन्य अथिति के रूप में पूर्व सभापति नरेन्द्र कौशिक, ग्राम पंचायत सेमरा सरपंच शिवेन्द्र सिंह,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रघुपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष शिवगोपाल कश्यप उपस्थित थे। उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल योजना के तहत वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। यह योजना एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो ना सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि इससे बेटियों की शिक्षा की राह आसान हुई है। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य जेपी साहू व ललित कुमार कश्यप ने महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन पीएन साहू व्याख्याता किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी। साथ ही स्टॉफ नम्रता दुबे, पीली हरवंश, पायश्वनी देवांगन, रेणुका गुप्ता, राघवेन्द्र शर्मा, पारसनाथ यादव, अशोक साहू, नरेश चौहान, शैलेंद्र कश्यप, मुकेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राघवेन्द्र शर्मा ने किया।

## ब्यास कश्यप के प्रयास से भुंडी नाला एवं गेमन पुल निर्माण की मिली स्वीकृति

**जांजगीर-चांपा।** विधायक ब्यास कश्यप के लगातार प्रयास से भुंडी नाला पर पुल निर्माण एवं पुराने एन.एच. पर हसदेव नदी में जर्जर गेमन उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।



ज्ञात हो कि जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने पहले उपरोक्त दोनों कार्यो को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल कराया। उसके बाद लगातार विभागीय मंत्री एवं सचिव से मुलाकात कर उक्त कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई। रा.रा.क्र. 49 से जांजगीर चांपा के मध्य लछनपुर के पास भुंडी नाला में पुल निर्माण के लिए 5 करोड़ 41 लाख 10 हजार रूपये तथा जिला जांजगीर-चांपा के पुराना एन.एच. पर हसदेव नदी में जर्जर गेमन उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 15 करोड़ 86 लाख 75 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विदित हो कि इसके पूर्व में भी जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई है, जिनमें ग्राम धाराशिव से रोगदा मार्ग लंबाई 3.80 कि.मी. लागत राशि 4 करोड़ 27 लाख 69 हजार रूपये, तथा ग्राम सरखों-औंराईकला नहर पार होते हुए पाली पहुंच मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी. लागत राशि 4 करोड़ 36 लाख शामिल है। ब्यास कश्यप की मांग पर ही जिला जाजगीर-चांपा के विद्यमान सड़कों के रोड सेफ्टी आडिट रिपोर्ट के अनुसार सड़क सुधार एवं सुरक्षा उपाय कार्य के लिए 2 करोड़ 23 लाख 59 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी गई है। उपरोक्त कार्यो की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियो ने अपने सक्रिय विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## सूरज की किरणों से चमकता आशियाना: पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से मिल रही राहत



**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुक्त बिजली योजना जांजगीर-चांपा जिले में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया परिवर्तनकारी कदम साबित हो रही है। इस योजना ने आम नागरिकों को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

इसी योजना से जुड़ी प्रेरणादायक कहानी है जिले के निवासी श्रीमती किरण बजाज की है। श्रीमती किरण बजाज बताते हैं कि पहले हर महीने उन्हें बिजली बिल के रूप में 4000 से 5000 रुपए खर्च करने पड़ते थे, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अप्रैल 2025 में उन्होंने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया। साथ ही उन्हें केंद्र सरकार से 78,000 की सब्सिडी और राज्य सरकार से 30,000 इस प्रकार उन्हें कुल 108000 की अनुदान राशि प्राप्त हुई। अब उनके घर की छत पर स्थापित सोलर पैनल पूरा घर रोशन करता है, और सबसे बड़ी बात है कि अब उन्हें एक भी रुपए का बिजली बिल नहीं देना पड़ता।

श्रीमती किरण बजाज खुशी से बताते हैं कि पहले हर महीने बिजली बिल की चिंता रहती थी, लेकिन अब हमारा घर अपनी खुद की बिजली बना रहा है। इस योजना ने हमें आर्थिक राहत दी है और पर्यावरण की रक्षा में योगदान देने का गर्व भी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का अवसर दिया है। उन्होंने जिले के नागरिकों से भी अपील की कि हर परिवार इस योजना का लाभ उठाये, और अपने घर को सौर ऊर्जा से ऊर्जा-सक्षम बनाए।

## सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



**जांजगीर।** शिव मंदिर परिसर में पवन सिंघानिया के जन्म दिन पर हनुमत की कृपा बनाए रखने के लिए सबके अंदर ओज तेज शक्ति प्रदान करने वाला सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।जिसमें श्री हरि महिला मानस मंडली जांजगीर को आमंत्रित किया गया था। जिसमें श्री हरि महिला मंडली के अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू की टीम ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ व हनुमत भजन कर कार्यक्रम स्थल को भक्ति मय वातावरण से ओतप्रोत कर दिया।समिति के अध्यक्ष चमेली साहू ने हारमोनियम पर भजन की अनोखी श्रृंखला पेश करते हुए सभी को भजन में झूमने के लिए मजबूर कर दी ।सुंदरकांड पाठ कर सुख समृद्धि की कामना वीर बजरंगी की कृपा सब पर बनी रहे इस भाव के साथ पाठ किया गया। पवन सिंघानिया को जन्म दिन की बधाई दी गई।इस दौरान श्रीमति चंद्रकिरण सोनी द्वारा रचित एक किरण आशा की सजल संग्रह पुस्तक का विमोचन पार्षद श्रीमति मनीषा गोपाल, पवन सिंघानिया,महिला मंडली अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू व समिति पदाधिकारियों के कर कमलों से हुआ। इस दौरान श्रीमति धन्नो सिंघानिया, ममता यादव, श्रीमति विभा उपाध्याय,श्रीमति सरोजनी साहू,श्रीमति शारदा साहू,आशा दुबे,मंजू सिंघानिया,दीपा सिंघानिया,श्यामा शर्मा,मोनिका सिंघानिया,किरण सिंघानिया,प्रमोद सिंघानिया,विजय सिंघानिया , श्रद्धा यादव,प्रियांशी,काव्या विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल रहे आयोजन कर्ता द्वारा मानस मंडली के अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू सहित उनके टीम को सम्मानित किया गया।

## श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**जांजगीर चांपा।** धर्म एवं आध्यात्म की पावन नगरी शिवरीनारायण में प्रतिवर्षानुसार श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव के परिपेक्ष में आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की तैयारी जोरों से चल रही है, श्री शिवरीनारायण मठ मंदिर के विशाल प्रांगण में मंच निर्माण एवं साज- सज्जा अनवरत जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष यह आयोजन 17 नवंबर तदनुसार मार्ग शीर्ष अगहन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, दिन सोमवार से 25 नवम्बर मार्गशीर्ष अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी, दिन मंगलवार तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का समय सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तथा अपराह्न 3 से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। कथा श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन प्रसाद एवं ठहरने की व्यवस्था है। व्यास पीठ पर विराजित होने के लिए आचार्य बेला रामकोट अयोध्या से अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य जी महाराज का आगमन होगा। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज एवं श्री भगवान शिवरीनारायण मठ मंदिर न्यास के सभी सदस्यों ने श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, भू-अर्जन सहित अन्य विषयों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि एग्रीस्टैक अंतर्गत ऐसे कृषक जिनका यूएफआर लंबित है उनका धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व अभियान के रूप में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कृषकों को सूचना देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को राजस्व, कृषि, खाद्य और सहकारिता विभाग के साथ समन्वय बनाकर लगातार समितियों में निराकरण के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारी को निर्देश दिए कि जो भी एग्रीस्टैक में यूएफआर अप्रुअल के लिए आ रहा हो उसे तत्काल अप्रुव्य कर निराकरण करें।

## राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाना है। इसके तहत 05 बालक/बालिकाओं को 25 हजार रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार हेतु 2025 के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित है। ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपनी जान की परवाह किये बिना 01 जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 के मध्य अद्भुत वीरता का कार्य किया हो, किसी दूसरे की जान बचाने का पराक्रम किया हो, को सम्मानित किया जाता है। राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला- जांजगीर-चांपा (छग0) में कार्यालयीन समय पर 20 दिसंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से आवेदन प्रेषित कर सकते है। निर्धारित प्रारूप में प्रपत्र समस्त विवरण एवं प्रमाण के साथ आवेदन पत्र दो प्रतियों में सहाम प्राधिकारी से सत्यापित कराकर आवेदन प्रेषित कर सकते है।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर के द्वारा वर्ष 2025-26 में जांजगीर-चांपा जिले के 162 शासकीय हाई, हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जुडो, कराटे, ताईक्कांडो, किंक बाक्सिंग, मार्शल आर्ट विद्याओं में दक्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षणों से 24 नवम्बर 2025 सायं 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा ने बताया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण की अवधि 30 दिवस निर्धारित है, जिसमें प्रतिदिन 30 मिनट प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण के लिए प्रति विद्यालय राशि 5 हजार रूपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक एवं पात्र प्रशिक्षक, खिलाडी मान्यता प्राप्त संस्था का प्रमाण पत्र सहित निर्धारित प्रपत्र में संपूर्ण जानकारी सहित स्वयं अथवा उचित माध्यम से जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा (माध्यमिक) जिला जांजगीर-चांपा में आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

***डभरा।** नशा मुक्ति के लिए महिला संगठन द्वारा क्षेत्र में जनजागरण रैली निकाली गई। इसके माध्यम से क्षेत्र के लोगों को बताया कि नशा किसी के लिए भी उचित नहीं है।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै सुरेंद्र कुमार राठौर पिता श्री सुमेरु प्रसाद राठौर मकान नं.407, वार्ड नं 20, लायंस चौक चांपा, जिलाः जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ का निवासी हूं। यह कि मेरी पुत्री राशि राठौर के शैक्षणिक अभिलेखों जैसे कक्षा 10 वीं मार्कशीट आदि में मेरे नाम में कुमार शब्द विलोपित रह गया है, जिसके कारण मेरा नाम वहाँ सुरेंद्र राठौर के रूप में अंकित है। वास्तव में मेरा पूरा नाम सुरेंद्र कुमार राठौर है। यह कि सुरेंद्र राठौर तथा सुरेंद्र कुमार राठौर एक ही व्यक्ति है जो कि मै हूं। यह नाम संबंधी भिन्नता केवल त्रुटिवश हुई है। इस सूचना के प्रकाशन से जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर दवा आपत्ति कर सकते हैं। अन्यथा यह माना जाएगा कि किसी को इस परिवर्तन/स्पष्टीकरण पर कोई आपत्ति नहीं है।

**सुरेंद्र कुमार राठौर**
**पिता डॉ. सुमेरु प्रसाद राठौर**
निवासीः मकान नं. 407, वार्ड नं 20
लायंस क्लब चौक चांपा, पिन-495671
जिलाः जांजगीर चांपा ,छत्तीसगढ़


## एकता में उत्सव - छत्तीसगढ़-ओडिशा मारवाड़ी युवा मंच ने मनाया दीपावली मिलन

**बसना बना एकता और संस्कृति का संगम**



**जांजगीर-चांपा।** एकता, संस्कृति और सौहार्द की भावना को साकार करते हुए छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का संयुक्त दीपावली मिलन एवं पिकनिक समारोह 9 नवंबर को बसना शाखा के आतिथ्य में सिरपुर स्थित आलोहा रिसॉर्ट में भव्य रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में दोनों प्रांतों के लगभग 50 से अधिक शहरों से सपरिवार पहुँचे 1000 से अधिक मंच सदस्यों ने उल्लास, भक्ति और एकता का अद्भुत वातावरण निर्मित किया। इस ऐतिहासिक आयोजन के मुख्य अतिथि बसना विधानसभा के विधायक एवं समाजसेवी डॉ. सम्पत अग्रवाल रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं, संस्कृतियों को मिलाते हैं और पीढ़ियों को साथ लाते हैं। बाबा गुरु घासीदास जी का संदेश 'मनखे-मनखे एक समान' हमें यही सिखाता है कि एकता ही समाज की सच्ची शक्ति है। डॉ. अग्रवाल ने मारवाड़ी युवा मंच को समाजहित की दिशा में सतत कार्य करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जांजगीर-चांपा जिले के युवा उद्योगपति अमर सुल्तानिया ने आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि हमारा मंच समाज सेवा और जनहित के कार्यो को सतत् रूप से अंजाम देता आया है इसी कड़ी में यह आयोजन केवल दीपावली मिलन नहीं, बल्कि एकता, संस्कार और समरसता का उत्सव है। जो कि मंच के संगठनात्मक क्षमता को जाहिर कर रहा हैं क्योकि जब समाज साथ चलता है, तो हर कार्य भक्ति और सेवा दोनों बन जाता है। इस अवसर पर उन्होंने नवगठित बरमकेला जागृति शाखा के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और सेवा-भाव से समाज निर्माण का संदेश दिया।

इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी ने मंडल 3 में नई शाखा 'रायगढ़ संस्कृति' के गठन की घोषणा की।

कार्यक्रम में ओडिशा प्रांत के अध्यक्ष अजय शर्मा, छ.ग. प्रांत के राष्ट्रीय संयोजक मनीष अग्रवाल प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती रीना केडिया , राष्ट्रीय संयोजक राज अग्रवाल , राष्ट्रीय संयोजक श्रवण अग्रवाल प्रांतीय कार्यालय उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल , पूर्व अध्यक्ष चेतन अग्रवाल , प्रांतीय महामंत्री सलभ अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, श्रीमती पायल अग्रवाल, आनंद अग्रवाल एवं सहायक मंत्री कंचन अग्रवाल, बसना शाखा अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, प्रकाष अग्रवाल राष्ट्रीय सहायक मंत्री रोहित काबरा , पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नरेश अग्रवाल , पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल , पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल , राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती अनुराधा अग्रवाल , प्रांतीय महामंत्री चेतन टेबरीवाल सहित जांजगीर-नैला से आकाश सिंघानिया, आशीष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, संजय सुल्तानिया, हिमांशु अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, अनीश पालीवाल, पुनम अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, पुनम जगनी, सुनिता मोदी, सिखा अग्रवाल, कल्याणी अग्रवाल, कंचन जगनी, अंजु अग्रवाल, राधा अग्रवाल, ममता मोदी, निशा अग्रवाल, सोनल पालीवाल, सोमिना पालीवाल, अनिता बंसल, सपना झाझरिया, प्रिति अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, गायत्रि मित्तल, कविता मित्तल, सहित अनेक गणमान्य मंच पदाधिकारी उपस्थित रहे। बसना शाखा अध्यक्ष सुमित सम्पत अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजक राजकुमार अग्रवाल के नेतृत्व में टीम बसना ने उत्कृष्ट आतिथ्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएँ और मनोरंजन की सजीव झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी कलाकार प्रकाश अवस्थी एवं टीम के साथ जे.पी. शर्मा ग्रुप के लाइव बैंड की प्रस्तुति ने उत्सव को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में मंच संचालन प्रांतीय उपाध्यक्ष मुख्यालय राजकुमार अग्रवाल (बसना) ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष रीना केडिया (अकलतरा) ने किया।

## अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, मर्ग कायम



**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा थाना क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई जब नहर के पानी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बहकर आया। बताया जा रहा है कि मृतक की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच है। ग्राम करारी के कोटवार ने शव को देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद अकलतरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग पंचनामा कार्यवाही की। फिलहाल शव को पहचान के लिए मर्चुरी में रखा गया है। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है ताकि मृतक की पहचान और मौत के कारणों का जल्द खुलासा हो सके।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता
### जल संसाधन संभाग, कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

-::सूचना ::-

आदेश क्र./4068/व.ले.लि./2025 कोरबा, दिनांक 11.11.2025

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन सेक्टर-19 नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.) के पृ.क्र. 4263745/निविदा प्रकोष्ठ/2025/2792 (TC) /नवा रायपुर दिनांक 10.11.2025 के परिचालन में निविदा सूचना क्र.03/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 08.10.2025 सिस्टम निविदा क्र. 177204 (द्वितीय आमंत्रण) चुईया व्यपवर्तन योजना के शीर्ष एवं नहर का जीर्णोद्धार कार्य राशि 288.71 लाख निविदा के द्वितीय आमंत्रण में निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

जी/252604746/7

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोरबा
जिला- कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

यदि मानवजाति के आज तक के इतिहास में महान् पुरुषों और स्त्रियों के जीवन में सब से बड़ी प्रवर्तक शक्ति कोई है, तो वह आत्मविश्वास ही है।

## महिला क्रिकेट टीम ने विजय पताका लहराया

*महिला क्रिकेट में भारत का चैंपियन बनना एक युगांतकारी घटना बन सकती है। यहां से संभव है कि मुख्य मुकाबले की धुरी उसी तरह खिसक जाए, जैसा पुरुष क्रिकेट में वेस्ट इंडीज के उदय के साथ 1970 के दशक में हुआ था। भारत की महिला क्रिकेट टीम ने आखिरकार उस शिखर पर विजय पताका लहराया है, जिसके करीब पहुंचने के बाद दो बार (2005 और 2017 में) वो वहां से फिसल गई थी। 2017 का दर्द तो अब तक भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के दिल में है, तब मंजिल से कुछ कदम पहले तक मजबूती से पहुंचने के बाद अचानक टीम इंडिया ढह गई। इंग्लैंड के हाथों उस हार को भारतीय महिलाओं में मारक क्षमता के अभाव के रूप में पेश किया गया था। मगर रविवार को भारतीय टीम का अलग जज्बा सामने आया, जब कप्तान हरमन प्रीत कौर और उनके साथियों ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आरंभ से अंत तक दबदबा बनाए रखा।*

*वैसे भारतीय टीम ने मनोवैज्ञानिक बढ़त तो सेमी-फाइनल में अपराजेय दिखने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पर अविश्वसनीय जीत के साथ ही बना ली थी, जिसका मुजाहिरा खिलाड़ियों ने फाइनल में किया। यह जीत बताती है कि धीरज, प्रतीक्षा, परिश्रम, और लंबी तैयारी के बाद आखिरकार भारतीय महिलाएं उस मुकाम पर पहुंची हैं, जिसे कभी उनकी पहुंच से बाहर समझा जाता था। तथ्य है कि सीमित ओवरों वाले मैच के विश्व कप टूर्नामेंट की शुरुआत पुरुष से पहले महिला क्रिकेट में हुई। 1973 के पहले टूर्नामेंट के समय भारत के पास महिला टीम नहीं थी। 1978 में दूसरे टूर्नामेंट में भारत ने पहली बार भाग लिया। अब 13वें टूर्नामेंट में जाकर वह विश्व विजेता बन पाई है। इस बीच ऑस्ट्रेलिया ने सात, इंग्लैंड ने चार और न्यूजीलैंड ने एक बार यह खिताब जीता। अतः इसे ध्यान में रखना चाहिए कि एंग्लो-सैक्सन मूल के देशों के बाहर विश्व चैंपियन बनने वाला भारत पहला मुल्क बना है। इस रूप में यहां से महिला क्रिकेट में भी उन देशों का वर्चस्व टूटने की शुरुआत हुई है, जैसा पुरुष क्रिकेट में बहुत पहले हो चुका है। यानी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 2 नवंबर को जो हुआ, वह महिला क्रिकेट में युगांतकारी घटना बन सकती है। यहां से संभव है कि मुख्य मुकाबले की धुरी ठीक उसी तरह खिसक जाए, जैसा पुरुष क्रिकेट में वेस्ट इंडीज के उदय के साथ 1970 के दशक में हुआ था।*

## राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी पाने का प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है।

वृष राशि- आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। ज

कर्क राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपके चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान बनी रहेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी।

तुला राशि- आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत बनेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर को अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझने दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

धनु राशि- आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने विवाद को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी। आप अपने जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति की संभावना है।

मीन राशि- आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

# जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक विरासत और स्वाभिमान का उत्सव

//डॉ. कुंवर विजय शाह//

**भारत एक सांस्कृतिक विविधता संपन्न देश है। यहां की आदि संस्कृति अत्यंत समृद्ध है। आज देश भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती मना रहा है। हम सब इस अवसर पर गर्व से भरे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश से जनजातीय गौरव दिवस की शुरूआत कर इस अवसर को और भी गरिमापूर्ण बना दिया है।**

भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे वीर योद्धा और समाज-सुधारक हुए हैं, जिन्होंने जनजातीय समाज की उन्नति, गरिमा और उनके अधिकारों के लिए जीवन समर्पित कर दिया। हर साल 15 नवम्बर को उनकी जयंती पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। यह जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक विरासत और स्वाभिमान का उत्सव है। जनजातीय गौरव दिवस का महत्व केवल भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करने तक सीमित नहीं है। यह जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान और देशज ज्ञान की विरासत का जश्न मनाने का भी दिन है। हम जनजातीय सांस्कृतिक धरोहर और उपलब्धियों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन प्रेरणा का स्रोत है। नई पीढ़ी को साहस, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध होने का संदेश देता है।

भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर 1875 को झारखंड के उलीहातू गांव के साधारण मुंडा परिवार में हुआ था। उनका जीवन कठिनाइयों से भरा था। उन्हें निरंतर आर्थिक संघर्षों का सामना करना पड़ा। उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लागू जमींदारी प्रथा, धर्मांतरण और जनजातीय अस्मिता पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष किया।

उलगुलान विद्रोह का नेतृत्व-भगवान बिरसा मुंडा ने उलगुलान नामक जनजातीय विद्रोह का नेतृत्व किया। अंग्रेजों के खिलाफ यह महान विद्रोह था। उन्होंने अंग्रेजों द्वारा लागू भूमि हड़पने की नीतियों, जबरन धर्मांतरण और जनजातियों की पारम्परिक जीवनशैली में दखल देने वाले कानूनों के खिलाफ आवाज उठाई। भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में इस आंदोलन ने जनक्रांति की लहर पैदा कर दी थी। जनजातीय समुदाय ने उन्हें धरती आबा के रूप में सम्मानित किया।

महान समाज सुधारक-भगवान बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता संग्राम योद्धा ही नहीं, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने जनजातीय समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों अंध-विश्वास, जाति-भेदभाव, नशाखोरी, जातीय संघर्ष के खिलाफ जागरूकता फैलाई और शिक्षा का महत्व समझाया। उन्हें एकता में रहने का संदेश दिया। बिरसा मुंडा ने बिरसाइत नामक एक धार्मिक आंदोलन भी चलाया, जिसमें उन्होंने आचार-विचार की शुचिता, सादगी और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। भगवान बिरसा मुंडा मात्र 24 साल 7 महीने की अल्पायु में 9 जून 1900 को वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी स्मृति आज भी जनजातीय समाज के दिलों में जीवित है।

विकास में भागीदारी-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश ने जनजातीय विकास के अभूतपूर्व काम किए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आजीविका जैसे क्षेत्रों में मध्य प्रदेश के कार्यों की राष्ट्रव्यापी सराहना हुई है। समग्र जनजातीय विकास की पीएम जनमन योजना की अवधारणा की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि का ही परिणाम है। उन्होंने जनजाति समुदाय के गुमनाम वीर योद्धाओं को समाज के सामने लाकर खड़ा किया और उनकी स्मृति को स्थाई बनाने का काम किया। पीएम जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना जैसी क्रांतिकारी पहल बिरसा मुंडा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

हाल में नई दिल्ली में संपन्न ट्राइबल बिजनेस कॉन्क्लेव में केंद्र सरकार ने जनजाति समुदाय के कलाकारों के कला उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में ले जाने का निर्णय लिया है। जनजातीय समुदाय पारंपरिक ज्ञान, कला और संस्कृति से समृद्ध है। मध्यप्रदेश में जनजाति समुदायों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का उल्लेखनीय काम हुआ है। पेसा कानून में जनजातीय क्षेत्रों की ग्राम सभा सशक्त हुई हैं। वे अपने निर्णय ले रही हैं और अपनी विकास योजनाएं बना रही हैं। शैक्षणिक सुविधाओं में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। किसी समय भौगोलिक रूप से दूरस्थ बसे जनजातीय गांवों का अब मुख्य सड़कों से संपर्क हो गया है। वे अब शहरी अर्थव्यवस्था में शामिल हो गए हैं। जनजातीय बच्चों को उच्च शिक्षा की सुविधाएं मिली है। वे मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे हैं। विदेशों में भी उच्च अध्ययन के लिए जा रहे हैं। राज्य शासन के प्रयासों से अब जनजातीय परिवारों में आर्थिक उदयमिता बढ़ रही है। वे विकास योजनाओं में उत्साहपूर्वक भागीदारी कर रहे हैं।

राज्य सरकार जनजातीय महानायकों की स्मृति में स्मारकों और संग्रहालयों का निर्माण करा रही है। छिंदवाड़ा में बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय और जबलपुर में राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मुख्य संग्रहालय बनाया गया। जबलपुर एयर पोर्ट और मदन महल फ्लायओवर रानी दुर्गावती के नमा पर किया गया। पचमढ़ी अभयारण्य का नाम राजा भभूत सिंह के नाम पर, रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन भोपाल, टाट्या भील विश्वविद्यालय खरगौन, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा कुछ उदाहरण है। हम जनजातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति को नमन करते हैं। साथ उन सभी जनजातीय महानायकों का भी स्मरण करते हैं जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अविस्मरणीय योगदान दिया।

# मोदी और शाह की राजनीतिक योजना में बाधा राहुल

//हरिशंकर व्यास//

**भारतीय जनता पार्टी और सोशल मीडिया का उसका इकोसिस्टम राहुल गांधी को लेकर लगातार नैरेटिव बदल रहा है। इससे ऐसा लग रहा है कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की राजनीतिक योजना में अगर कोई बाधा दिख रही है तो वह रहुल गांधी हैं। इसलिए पहले दिन से उनकी साख बिगाड़ने और उनकी राजनीति स्थापित नहीं होने देने के प्रयास सतत हैं। इसी प्रयास के तहत उनको पप्पू बताया गया। इसके लिए पूरा तंत्र खड़ा किया गया। हालांकि जब यह प्रयास शुरू हुआ उस समय तक वे दो बार सांसद हो चुके थे। उन्होंने 2009 के बाद सरकार और कांग्रेस संगठन में भी दिलचस्पी लेकर राजनीति की थी। उस समय तक यानी जब भाजपा की कमान लालकृष्ण आडवाणी के हाथ में थी या आडवाणी, वाजपेयी के जमाने के नेताओं के हाथ में थी तब तक राहुल गांधी को पप्पू साबित करने की जरुरत किसी ने नहीं समझी थी।**

मगर 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर लड़े तब उनके प्रचार तंत्र ने राहुल को पप्पू साबित करने की मुहिम छेड़ी। यह प्रचार कई बरसों तक चला। उनके बारे में कई झूठी सच्ची बातें फैलाई गईं। उनके वीडियो एडिट करके प्रचारित कराया गया और ऐसी बातें दिखाई गईं, जो उन्होंने कभी नहीं कही थीं। इससे समाज के एक बड़े वर्ग में धारणा भी बनी। इस काम में देश की प्रतिबद्ध मीडिया ने भी सरकार और भाजपा का साथ दिया।

इसके बाद वह दौर आया, जब राहुल गांधी को पप्पू की बजाय अगंभीर नेता साबित करने का अभियान चला। इसमें कांग्रेस से भाजपा में गए कई नेताओं ने बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने अपने अनुभव बताने शुरू किए, घटनाएं बताईं और यह साबित किया कि राहुल का मन राजनीति में नहीं लगता है। यह बताया गया कि वे बड़ी हिचकिचाहट के साथ राजनीति में आएं और नेहरू-गांधी परिवार की राजनीति की सहज उत्तराधिकारी प्रियंका गांधी वाड्रा हैं। कुछ समय तक यह अभियान चला।

इस अभियान के तहत उनके सबैटिकल यानी अचानक बिना किसी को बताए छुट्टी मनाने जाने जाने या कहीं अदृश्य हो जाने या काम से दूरी बना लेने की बातों का प्रचार हुआ। एक समय सचमुच वे काफी समय के लिए कहीं चले गए थे। यह अभियान किसी न किसी रूप में अब भी चलता रहै। अब भी वे चाहे किसी काम के लिए दिल्ली से बाहर या देश से बाहर जाएं तो भाजपा की ओर से इसका प्रचार किया जाता है। पिछले दिनों जब राहुल गांधी ने हरियाणा की मतदाता सूची में गड़बड़ी का खुलासा करने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बताया कि ब्राजील की मॉडल की तस्वीरों का इस्तेमाल अनेक मतदाता आई कार्ड में किया गया तो उसका जवाब देने के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उसी नैरेटिव को आगे बढ़ाया कि राहुल गांधी विदेश जाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बिना बताए थाईलैंड और मलेशिया चले जाते हैं इसलिए उनको हर जगह विदेशी दिखाई देते हैं। इसका मकसद राहुल की साख बिगाड़ना और उनके लगाए आरोपों को मजाक में उड़ा देना था। यह काम भाजपा बहुत कायदे से करती आई है। राहुल की छुट्टियों और यात्राओं को इस नजरिए से पेश किया जाता है।

इसके बाद तीसरे दौर की शुरुआत किसान आंदोलन के आसपास हुई, जब उनको खुल कर देश विरोधी बताया जाने लगा। उसी समय के आसपास भारत के घरेलू राजनीतिक विमर्श में बड़ी गंभीरता के साथ और व्यापक रूप से जॉर्ज सोरोस की एंट्री हुई थी। पता नहीं कहां कहां से तस्वीरें निकाली गई कि राहुल गांधी अमेरिका में जा कर किससे मिले और ब्रिटेन जाकर किससे। कहा गया कि वे जिन लोगों से मिले उसमें कोई ऐसा था, जो सोरोस के लिए काम करता था। यह नैरेटिव बनाने का प्रयास हुआ कि सोरोस की फंडिंग से राहुल गांधी देश विरोधी अभियान चल रहे हैं। हालांकि किसान आंदोलन से पहले सीएए के विरोध में भी देश विरोध का नैरेटिव बना था लेकिन किसान आंदोलन से विदेशी टूलकिट की बहुत चर्चा हुई और राहुल गांधी पर निशाना साधा गया। वह अभियान अभी तक तक चल रहा है।

अब पप्पू और अगंभीर नेता के बाद राहुल गांधी को देश विरोधी और अर्बन नक्सल का समर्थक साबित करने का अभियान है। मतदाताओं को बताया जा रहा है कि राहुल गांधी देश विरोधी ताकतों की शह पर नरेंद्र मोदी की सरकार और भारत को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। इसी नैरेटिव के तहत उनके चुनाव आयोग के खुलासे पर भी सवाल हैं। कहा जा रहा है कि विदेशी ताकतों के इशारे पर राहुल देश की संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। जबकि संस्थाएं किस तरह से काम कर रही हैं, यह किसी को नहीं दिख रहा है। राहुल इन संस्थाओं की संवैधानिक जिम्मेदारी और मर्यादा याद दिला रहे हैं लेकिन इसके लिए उनके ऊपर देश विरोध का टैग लगाया जा रहा है। हालांकि जैसे ही भाजपा ने उनको देश विरोधी या देश के खिलाफ साजिश रचने वाला बताना शुरू किया वैसे ही पप्पू और अगंभीर नेता वाला नैरेटिव उसने खुद ही फेल कर दिया। कोई व्यक्ति पप्पू यानी मूर्ख और साजिशी दोनों एक साथ नहीं हो सकता है। जाहिर है भाजपा अब उनकी चुनौती को गंभीर मानने लगी है।

# कांग्रेस और विपक्ष लगातार देश में चुनाव क्यों हार रहा है ?

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रतिवर्ष राज्यों में क्रम बार विधानसभा चुनाव होते रहते हैं जैसे अभी बिहार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं आगामी साल में असम, पश्चिमी बंगाल,के चुनाव है । लेकिन 2014 से कांग्रेस और विपक्ष लगातार चुनाव हार रहा है जिसमें तीन आम चुनाव 2014,2019,2024 और शायद 80 से अधिक विधानसभा चुनाव सम्पन्न हो गए। अब तो हालत यह है कि राज्य सभा में विपक्ष की संख्या लगातार कम हो रही है।यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। ऐसा लगता है कि तमिलनाडु में डीएमके और पश्चिमी बंगाल में तृणमूल ही कुछ बेहतर प्रदर्शन कर सके हैं।इस वर्ष आम आदमी पार्टी दिल्ली में और बीजेडी ओडिशा में भी अपना प्रदर्शन कायम नहीं रख सकी है। चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति भी तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। सबसे अधिक निराश कांग्रेस ने किया है जबकि इस समय मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ही है । बिहार विधानसभा चुनावों के परिणाम क्या होगे कह नहीं सकते लेकिन लगता है कि वहां भी कांग्रेस अपनी भागीदार पार्टी राजद को डूबा देगी क्योंकि हठधर्मी कर 62 सीट पर चुनाव लड़ बैठी है। 2020 में 70 पर लड़ी थी और मात्र 19 जीत सकी थी। भारत के नक्शे में कर्नाटक, तेलंगाना, और हिमाचल प्रदेश में ही कांग्रेस की सरकार है जहां से 56 सीट लोकसभा की आती हैं। जबकि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली,असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़,में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। पश्चिमी बंगाल, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर,में प्रमुख विपक्षी दल है । उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, बिहार, ओडिशा, पश्चिमी बंगाल, महाराष्ट्र, में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 5 फीसदी से भी कम है। मप्र, गुजरात हरियाणा, जैसे प्रदेश में तीन या उससे अधिक बार लगातार कांग्रेस चुनाव हार गई है। मप्र, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब,केरल, आंध्र प्रदेश,असम, नागालैंड त्रिपुरा मणिपुर मेघालय मिजोरम सिक्किम में दूसरे स्थान पर है।

कांग्रेस के साथ इस समय राजद, समाजवादी पार्टी,ही इसी पार्टियां हैं जो अपने राज्यों प्रभाव रखती हैं।देश के आजादी के आंदोलन से निकली महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, सरोजनी नायडू, गोविंद बल्लभ पंत, मौलाना आजाद, कामराज नाडार, सरदार पटेल, निजलिगप्पा, की पार्टी को इतने खराब दिन देखने पड़ रहे हैं।राज्य सभा भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है।अब इसमें भारतीय जनता पार्टी बहुमत में है क्योंकि राज्यों में उनकी सरकार है। राजसभा में भारतीय जनता पार्टी की 96 सीट है जबकि राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन 122 सीट से बहुमत है ।250 सदस्यीय राज्यसभा में 27 कांग्रेस,13 तुलमुल,बीजेडी 05 ऐसे मिलकर विपक्ष 87 की संख्या में है। विचार करे कभी कांग्रेस की राजसभा में 158 सीट थी लेकिन राज्यों में हार के बाद घटती गई अब मात्र 27 है। उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी की 31 सीट है जो संपूर्ण भारत से कांग्रेस की 27 संख्या से अधिक है।कांग्रेस की बागडोर राहुल गांधी के युवा कंधों पर है पर उन्हें अपने काम के प्रति रुचि नहीं है और वे महत्वपूर्ण मौका पर विदेश चले जाते हैं। दूसरे राज्यों के कांग्रेस क्षत्रप या तो बूढ़े हो गए हैं और युवा भी तो कोई प्रभाव नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र,गुजरात,पंजाब,दिल्ली, आंध्र प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, ओडिशा में कोई बड़ा नाम नहीं है। राजस्थान, मप्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, छत्तीसगढ़, झारखंड,का नेतृत्व बूढ़ा हो चुका है।नवीन कार्यकर्ता बनाने की कोई संस्था नहीं है।जैसे भारतीय जनता पार्टी के पास आरएसएस, एबीवीपी, और भी तमाम संगठन हैं। बताया जाता है कि 10लाख तो विद्या भारती के शिक्षक हैं। बनवासी कल्याण परिषद,आदि। बसंत साठे कभी कांग्रेस के विचारक रहे हैं। उन्होंने एक किताब लिखी है जिसमें कहा गया है कि कांग्रेस को तथाकथित धर्मनिरपेक्ष वादियों ने डुबो दिया।इन लोगों ने प्रमुख समुदाय हिंदुओं को नाराज कर दिया।

## तस्वीरों की दुनिया




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गैबोरोन में बोत्सवाना के उपराष्ट्रपति नदाबा नकोसिनथी गौलाथे से मुलाकात की।



पर्यटक हिमाचल प्रदेश के मनाली में रोहतांग की बर्फ से ढकी पहाड़ियों का आनंद लेते हुए।



नई दिल्ली में प्रदूषित यमुना नदी में लोग नाव चलाते हुए।



नई दिल्ली में लाल किले के सामने वाले क्षेत्र में हुए विस्फोट के बाद पुलिस कर्मी श्री दिगंबर जैन लाल मंदिर परिसर में साक्ष्य की तलाश करते हुए।



केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां लाल रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार के दिल्ली लाल किला विस्फोट मामले से जुड़े होने का संदेह है। इसे फरीदाबाद जिले के खंडावली में बरामद किया गया और जब्त कर लिया गया।




बसपा सुप्रीमो मायावती ने लखनऊ में दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात के पार्टी प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की।

# समाज को संगठित करना जानता है संघ, किसी को नष्ट करने के लिए नहीं बनो: मोहन भागवत



**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि विविधताओं को कैसे संभालना है, यह हमें दुनिया को सिखाना है, क्योंकि दुनिया के पास ऐसा तंत्र नहीं है जो भारत के पास है। उन्होंने कहा कि संघ को प्रत्यक्ष अनुभव किए बिना उसके बारे में राय मत बनाइए। संघ से जुड़ने के लिए शाखा में आइए, जो आपको अनुकूल लगे वह काम कर सकते हैं। संघ पूरे समाज को संगठित करना जानता है। संघ किसी को नष्ट करने के लिए नहीं बना है। वह व्यक्ति के निर्माण का काम करता है। भागवत गुरुवार को संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को परम वैभव सम्पन्न और विश्वगुरु बनाना किसी एक व्यक्ति के वश में नहीं है। इस काम में नेता, पार्टी, सरकार, महापुरुष और संघ जैसे संगठन सहायक हो सकते हैं, लेकिन मूल कारण नहीं बन सकते। यह सबका काम है और इसके लिए सबको साथ लेकर चलना है। सरसंघचालक ने कहा कि संघ की स्थापना किसी एक विषय को लेकर नहीं हुई। संघ संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार क्रांतिकारी थे। वह इंडियन नेशनल कांग्रेस के बहुत सक्रिय कार्यकर्ता थे। असहयोग आंदोलन में उन पर राजद्रोह का अभियोग लगा।उन्होंने बचाव में पक्ष रखना चुना क्योंकि इससे दोबारा भाषण का मौका मिलता। उनके वक्तव्य को सुनकर जज को कहना पड़ा कि उनका बचाव भाषण पहले से भी अधिक राजद्रोही है। डॉ. हेडगेवार ने अनुभव किया कि समाज में डेढ़ हजार साल से जो दुर्गुण आ रहे थे, उन्हें दूर करना जरूरी है। उन्हें महसूस हुआ कि संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित किए बिना भारत इस पुरानी बीमारी से मुक्त नहीं होगा। इसलिए उन्होंने एक दशक तक विचार और प्रयोगों के बाद संघ की स्थापना की।भागवत ने कहा, भारत में हमारी पहचान हिंदू है। हिंदू शब्द सबको एक करने वाला है। हमारा राष्ट्र संस्कृति के आधार पर एक है, न कि राज्य के आधार पर। पुराने समय में जब राज्य अनेक थे तब भी हम एक देश थे, पराधीन थे तब भी एक देश थे।

# केंद्रीय मंत्री ने विधानसभा में भाजपा विधायकों के साथ की बैठक

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का किया आह्वान



**कोलकाता, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री व बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार एवं विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने भाजपा विधायकों के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सक्रिय होने का निर्देश दिया है।बुधवार को विधानसभा में हुई इस बैठक के दौरान सुकांत ने कहा कि अब विधानसभा चुनाव में कुछ माह ही बचे हैं, ऐसे में सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में डटकर जनता के बीच कम करें।उन्होंने कहा कि पहली बार विधायक बनना आसान होता है लेकिन दूसरी बार जीत कर आना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे में आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी को अभी से तैयारी में जुट जाना चाहिए। सुकांत ने बुधवार को राज्य विधानसभा पहुंचकर वहां भाजपा विधायक दल के कार्यालय में यह बैठक की इस दौरान सुवेंदु और विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक शंकर घोष ने सुकांत का स्वागत किया। सुकांत ने सभी विधायकों को विजय दशमी, काली पूजा व दीपावली की भी शुभकामनाएं दी।बैठक के दौरान सुकांत ने कहा कि अगले कुछ महीनों में राज्य में चुनाव की घोषणा हो जाएगी। इसलिए हमें अपने-अपने क्षेत्र में पूरी ताकत से सक्रिय रहना होगा।उन्होंने विधायकों से घर-घर जाकर जनसंपर्क बढ़ाने और जनता के बीच पार्टी की नीतियों व केंद्र सरकार के कामों को पहुंचाने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की निगरानी करने की भी सलाह दी। सुकांत ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी एसआईआर प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश में लगी हुई है। इसलिए भाजपा विधायकों को किसी भी तरह की लापरवाही से बचाना होगा। बैठक में शरणार्थी मतुआ समुदाय के मुद्दे पर भी भरोसा दिलाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सीएए से जुड़े नियमों को पहले ही सरल बना दिया है। आने वाले दिनों में इसे और भी आसान किया जाएगा। उन्होंने विशेषकर मतुआ समुदाय के भाजपा विधायकों को आश्वस्त किया कि किसी भी हिंदू मतुआ शरणार्थी का नाम मतदाता सूची से नहीं कटेगा।

# ई-रिक्शा चालक जुम्मन की मौत से उजड़ा परिवार, जैकेट से हुई पहचान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अज्ञात में लिखा नाम

**नई दिल्ली।** लाल किले के बाहर हुए बम धमाके में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से एक शास्त्री पार्क के जुम्मन की भी दर्दनाक मौत हो गई। शव के नाम पर एक हाथ से जुड़ा धड़ का कुछ हिस्सा ही बचा था। स्वजन ने उनकी काफी तलाश की और आखिरकार मंगलवार दोपहर को उनकी नीले रंग की जैकेट के आधार पर उनकी दिव्यांग पत्नी ने शव को पहचाना और उनका पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया।स्वजन शव लेकर घर पहुंचे और उन्हें सुपुर्द-ए-खाक भी कर दिया। इसके बाद जब उनके कागजात की जांच की गई तो पता चला कि उनका पोस्टमार्टम अज्ञात के नाम कर दिया गया। मोर्चरी से मिले कागजात में उसकी कोई पहचान भी अंकित नहीं की गई थी। ऐसे में अस्पताल से संपर्क किया तो उनको ठीक से उत्तर नहीं मिला। बृहस्पतिवार को जुम्मन के चाचा मोहम्मद इदरीस और बहन नाजमा मोर्चरी पहुंचे तो उनको बाद में आने के कहकर वापस भेज दिया गया। ऐसे में पूरे घर का खर्चा उठाने वाले जुम्मन की मौत के बाद भी स्वजन मोर्चरी में धक्के खाने को मजबूर हैं। जुम्मन शास्त्री पार्क स्थित बुलंद मस्जिद के पास सपरिवार रहते थे। उनके चाचा मो. इदरीस ने बताया कि विस्फोट में जुम्मन का सिर, हाथ व कमर का हिस्सा नहीं था। सिर व कमर के नीचे का हिस्सा उड़ गया था। सिर्फ शरीर के बीच का सिर्फ आधा हिस्सा ही बचा था। इस वजह से उन्हें पहचान पाना मुश्किल था। एलएन अस्पताल में उनकी एमएलसी अज्ञात के रूप में बनी थी। वह लाल किला और चांदनी चौक के आसपास ई-रिक्शा चलाते थे। प्रतिदिन की भांति उस दिन भी वह ई-रिक्शा चला रहे थे। जुम्मन के ई-रिक्शा में जीपीएस लगा था। उसके जीपीएस का अंतिम लोकेशन घटना स्थल के पास का दिख रहा था।इस वजह से घटना के बाद परिवार के लोग उनकी तलाश करते रहे। लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा था। उन्होंने नीले रंग की जैकेट पहनी थी। बाद में कपड़े और हाथ पर लगी पुरानी चोट के निशान से उनके शव की पहचान हुई। इसके बाद पोस्टमार्टम हुआ।

## अलकायदा आतंकी साजिश मामले में एनआईए ने पांच राज्यों में की छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अलकायदा आतंकी साजिश मामले में पांच राज्यों में 10 जगहों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस मामले में कथित तौर पर अवैध बांग्लादेशी प्रवासी शामिल हैं। जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि एनआईए टीमों ने बुधवार को बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय, हरियाणा और गुजरात में विभिन्न संदिग्धों और उनके सहयोगियों से जुड़े परिसरों पर तलाशी ली। कई डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए हैं जिन्हें फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेज दिया गया है।

# पैरा जंपिंग, पैराग्लाइडिंग, फ्री फॉल... उत्तराखंड में टूरिस्ट के लिए क्या नया करने जा रहा है नागरिक उड्डयन विभाग?

**देहरादून, 14 नवंबर [एजेंसी]।**



प्रदेश का नैसर्गिक सौंदर्य बरबस ही पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस पर्यटन के साथ यदि रोमांच जुड़ जाए तो इससे न केवल पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा बल्कि इससे रोजगार भी बढ़ेगा, सेवा क्षेत्र में उछाल आएगा, साथ ही इससे उत्तराखंड वैश्विक स्तर पर भी अपना अलग नाम बना सकेगा। प्रदेश में साहसिक खेलों व रोमांच के शौकीन पर्यटकों की संख्या में बढ़ावा देखने को मिला है। ट्रैकिंग के लिए तो पहले से ही उत्तराखंड प्रसिद्ध है अब वाटर राफ्टिंग जैसा साहसिक खेल भी यहां की पहचान बन चुका है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अमूमन हर शनिवार व रविवार को दिल्ली समेत आसपास के राज्यों के युवा बड़ी संख्या में टनकपुर व शिवपुरी आदि क्षेत्रों में रिवर राफ्टिंग करने पहुंच रहे हैं। साथ ही प्रदेश में इस समय कई स्थानों पर बंजी जंपिंग, फ्लाइंग फाक्स जैसे साहसिक खेल रोमांच के शौकीनों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। इसे देखते हुए अब नागरिक उड्डयन विभाग प्रदेश में एयरो स्पोट् र्स को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठा रहा है। इसके तहत विभाग पैरा जंपिंग, पैराग्लाइडिंग, फ्री फाल जैसे साहसिक खेल व जायरोकाप्टर के जरिये पर्यटकों को रोमांच देने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इस समय प्रदेश में मसूरी, मुक्तेश्वर, शिवपुरी, टनकपुर, नैनीताल आदि ऐसे क्षेत्र हैं जहां साहसिक खेल गतिविधियां निजी क्षेत्र के जरिये संचालित हो रही हैं। अब विभाग नए क्षेत्रों को भी चिह्नित कर रहा है। विभाग ने एयरो स्पोट् र्स को बढ़ावा देने को अपनी गेम चेंजर योजनाओं में भी शामिल किया है।

इसके लिए नागरिक उड्डयन व पर्यटन विभाग मिलकर कार्ययोजना बना रहे हैं।प्रदेश में एयरो स्पोट् र्स के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। इससे न केवल पर्यटन बढ़ेगा बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिल सकेगा। इसके लिए पर्यटन विभाग के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। सचिन कुर्वे, सचिव नागरिक उड्डयन। नागरिक उड्डयन विभाग ने इसके तहत ऋषिकेश, मसूरी, नैनीताल, देहरादून, पिथौरागढ़, बेदनी बुग्याल, मुक्तेश्वर व टिहरी।उत्तराखंड में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राज्य गठन के दौरान राज्य में तकरीबन 1.10 करोड़ पर्यटक आते थे। अब इनकी संख्या तकरीबन छह करोड़ पहुंच गई हैं। इनमें डेढ़ लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल हैं।

# सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती है अमोनियम नाइट्रेट खाद विक्रेताओं के यहां आसानी से मिल जाता है यह केमिकल



**नूंह, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

अल फलाह यूनिवर्सिटी के सफेदपोश आतंकी डॉ. मुजम्मिल की गिरफ्तारी और उसके द्वारा जमा किया गया अमोनियम नाइट्रेट अब खूब चर्चा में है। आतंकी अमोनियम नाइट्रेट में अन्य रसायनिक पदार्थों का मिश्रण कर विस्फोटक तैयार करते थे और फिर इसके जरिए धमाके करते थे। इस अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल कृषि क्षेत्र में खाद के अलावा पहाड़ों में खनन के कार्य के लिए किया जाता है। अमोनिया नाइट्रेट आसानी से खाद विक्रेताओं के पास मिल जाती है। दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद यह सुरक्षा एजेंसियों के लिए कड़ी चुनौती बन चुकी है।खाद बेचने का लाइसेंस कृषि विभाग जारी करता है। हालांकि, अमोनियम नाइट्रेट का रिकॉर्ड कृषि विभाग के पास भी नहीं होता। इसका रिकॉर्ड खुद डीलर को ही रखना होता है। इसमें खाद बेचने वाले डीलर को जहां से यह खरीदा गया है और जिसको बेचा है उसका बिल व अन्य कागजात अपने पास सबूत के तौर पर रखने अनिवार्य होते हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों की मानें तो अमोनियम नाइट्रेट को जिस भी किसान को बेचा जाता है उसे आधार कार्ड देख कर एक प्रति अपने पास रखने तथा पूरी डिटेल लेने के बाद ही ग्राहक को दिया जाता है लेकिन अक्सर खाद विक्रेता नियमों की पालना नहीं करते हैं।जिले में लगभग 350 अधिकृत खाद विक्रेताओं के कृषि विभाग की तरफ से लाइसेंस जारी किए हुए। इसके अलावा खाद के अधिकृत 27 होल सेल डीलर है। इनमें तीन फिरोजपुर झिरका, एक नगीना, तीन पिनगवां, छह पुन्हाना, चार नूंह, पांच तावडू में हैं। इसके अलावा सरकारी एजेंसियों भी क्रय-विक्रय से जुड़ी हैं। नूंह जिला अवैध खनन के लिए बदनाम रहा है। यहां पर खनन पर 2002 से पाबंदी है, बावजूद इसके पिछले कुछ समय में फिरोजपुर झिरका, पिनगवां व तावडू क्षेत्र में अवैध रूप सें खनन कार्य हो रहा है। खनन कार्यों से जुड़े सूत्रों के अनुसार, अवैध खनन करने वाले इसे पत्थर तोड़ने के लिए इस्तेमाल करते थे। जो उन्हें आसानी से मिल जाता था।नूंह से सटे राजस्थान में खनन पर कोई पाबंदी नहीं है। वहां पर इसकी मात्रा काफी संख्या में खनन से जुड़े लोगों के पास होती है।

कृषि विभाग के उप निदेशक विरेंद्र आर्य ने बताया कि अमोनियम नाइट्रेट को कृषि, बागवानी में खाद के इस्तेमाल के रूप में किया जाता है।कृषि विभाग के पास ऐसी कोई पुख्ता जानकारी नहीं होती कि जिले में अमोनियम नाइट्रेट की कितनी खरीद-बिक्री होती है। हां, यह जरूर है कि यहां पर सब्जी बागवानी ज्यादा होती है। इसलिए कुछ खाद विक्रेता अपने जरूरत के हिसाब से इसे बेचने का काम करते हैं। विभाग की ओर से यह दावा किया जाता है कि समय-समय पर खाद विक्रेताओं के रिकार्ड की जांच होती रहती है।

# फर्जी बिलों से अरबों की उगाही आयुष्मान योजना बनी कमाई का जरिया




**बरेली, 14 नवंबर [एजेंसी]।**

आयुष्मान कार्ड के लिए फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह ने हजारों गरीबों के मुफ्त इलाज का हक छीन लिया है। स्टेट एजेंसी फार काम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) ने जिस तरह से इस गड़बड़ी में यहां के कई हास्पिटलों को पकड़ा है और उसमें से एक को अपनी लिस्ट तक से निलंबित कर दिया है। उससे इतना तो साफ है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर जिले में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा चल रहा है। वहां तक स्वास्थ्य विभाग के हाथ या तो पहुंच नहीं पा रहे या फिर इस घपलेबाजी के इस खेल में वह भी शामिल हैं। जबकि बड़ी तादाद में पात्र लाभार्थी पोर्टल और अधिकारियों के पास शिकायतें करते थक-हार रहें हैं, लेकिन उनके कार्ड नहीं बन पा रहे। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सर्वे के बाद सूची में 14 लाख 77 हजार से ज्यादा लोगों को शामिल किया गया था। रिकार्ड में 12 लाख से ज्यादा लोगों के कार्ड बनाए जाने की एंट्री दर्ज है। करीब 20 प्रतिशत लोगों के कार्ड अब तक नहीं बनाए गए हैं। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं। साचीज ने इसमें बड़ा खेल यह पकड़ा कि तमाम फर्जी दस्तावेज और गलत मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करके बड़े स्तर पर अपात्रों के न केवल आयुष्मान कार्ड बना दिए गए, बल्कि इसमें कई अस्पताल संचालकों ने भी फर्जी बिल-बाउचर लगाकर उगाही की। अब भंडाफोड़ हुआ है तो कई अस्पताल निशाने पर आ गए हैं। साचीज ने एक अस्पताल को तो अपनी सूची से ही निलंबित कर दिया है। जबकि पांच अन्य हास्पिटलों को निशाने पर लेते हुए उन्हें नोटिस तक जारी किए गए है। शासन उनके जवाब से अगर संतुष्ट नहीं होता तो उन पर भी बड़ी कार्रवाई होना तय है। खास ये है कि पकड़े गए ये निजी हास्पिटल तो सिर्फ चिह्नित हुए हैं, जबकि यह खेल तमाम बड़े से लेकर छोटे अस्पतालों में भी चल रहा है।इससे स्वास्थ्य विभाग की इस योजना की फंडिंग में जमकर घोटाला किया जा रहा है। जबकि बड़ी तादाद में उन गरीबों से फ्री इलाज नहीं मिल पा रहा, जो पात्र होने के बावजूद कार्ड के लिए काफी समय से धक्के खा रहे हैं।आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए संगठित गिरोह काम कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसमें स्वास्थ्य विभाग के भी कई अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार्ड बनवाने के लिए स्थायी पात्रता सूची में नाम, आधार संख्या, मोबाइल नंबर सहित कई औपचारिकताएं पूरी कराई जाती हैं। जबकि दलाल 15-20 हजार रुपये लेकर बगैर किसी प्रक्रिया के कुछ ही दिन में कार्ड बनवाकर दे देते हैं।नवाबगंज के बिहारीपुर पीतमराय के दिनेश कुमार पुत्र भगवती प्रसाद ने शिकायत की कि उनकी पत्नी आशा काफी दिनों से गुर्दा की बीमारी से पीड़ित हैं। इलाज के लिए उन्होंने कृषि भूमि भी बेच दी है। अब इलाज के लिए रकम नहीं है। जबकि आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बन सका है।

## जलियांवाला बाग एक्सप्रेस के तत्काल शुरू होने की मांग, पूर्व सीएम रघुवर दास ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

**जमशेदपुर 14 नवंबर।** टाटानगर से अमृतसर के बीच चलने वाली जलियांवाला बाग एक्सप्रेस का परिचालन बंद होने से हजारों यात्रियों, विशेषकर सिख श्रद्धालुओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं।इसे देखते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर ट्रेन को तत्काल फिर से शुरू करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।रेल मंत्री को भेजे अपने पत्र में रघुवर दास ने इस बात पर चिंता जताई है कि ट्रेन संख्या 18103/18104 (जलियांवाला बाग एक्सप्रेस) को नवंबर 2025 से फरवरी 2026 तक के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब शादी-विवाह और तीर्थयात्राओं के कारण उत्तर भारत की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या चरम पर होती है। इस ट्रेन के बंद होने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।दास ने पत्र में इस बात पर विशेष जोर दिया कि यह ट्रेन जमशेदपुर, चक्रधरपुर और आसपास के कोल्हान क्षेत्र में बड़ी संख्या में रहने वाले सिख समुदाय के लिए आस्था के केंद्र स्वर्ण मंदिर, अमृतसर जाने का सबसे प्रमुख और सुगम साधन है। ट्रेन के रद होने से श्रद्धालुओं को दूसरे महंगे और असुविधाजनक विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है।आमतौर पर उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान घने कोहरे के कारण रेलवे कई ट्रेनों का परिचालन रद्द या सीमित कर देता है, लेकिन इस महत्वपूर्ण ट्रेन के चार महीने तक पूरी तरह बंद रहने से आम यात्रियों में भी भारी रोष है।

# डॉ. शाहीन और परवेज के बारे में अब ये बात पता लगाने में जुटीं टीमें, तीन वर्ष पहले पिता के नाम पर लिया था मकान



**लखनऊ।** दिल्ली विस्फोट कांड में नाम सामने आने के बाद डा. शाहीन शाहिद और डा. परवेज अंसारी से लगातार पूछताछ चल रही हैं। दिल्ली, लखनऊ और जम्मू-कश्मीर तक फैले इस नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने के लिए एजेंसियों ने अब दोनों के आर्थिक स्रोतों को खंगालना शुरू कर दिया है। शुरुआती जांच में कुछ ऐसे वित्तीय लेनदेन सामने आए हैं, जिन्होंने एजेंसियों की शंका और बढ़ा दी है। सभी जांच एजेंसियों की संयुक्त टीम लखनऊ में दोनों डाक्टरों के बैंक खातों, निवेशों और संपत्तियों की गहराई से जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि उनके पास आय का स्रोत क्या था और किन-किन खातों से लेनदेन हुआ। एजेंसियों ने अब तक कई खातों के लेनदेन का ब्यौरा और स्टेटमेंट जुटाया है। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि पिता सईद अंसारी की आर्थिक स्थिति साधारण रही है। उनकी आय इतनी नहीं थी कि वे कई मकान खरीद सके। ऐसे में तीन वर्ष पहले सईद अंसारी के नाम पर मकान डाक्टर परवेज ने किस तरह खरीदा था।एजेंसियों को शक है कि यह संपत्ति किसी और स्रोत की हो सकती है। अब इस बिंदु पर भी सईद अंसारी से पूछताछ की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि मकान की खरीद के लिए पैसा कहां से आया।

जांच टीम ने संपत्ति से जुड़े दस्तावेज, रजिस्ट्री की कापी, बैंक डिटेल और ट्रांजैक्शन रिकार्ड जब्त किए हैं। सूत्र बताते हैं कि एजेंसियां यह भी जांच कर रही हैं कि क्या डा. परवेज या डा. शाहीन ने किसी तीसरे व्यक्ति के नाम से निवेश किया या संपत्ति खरीदी। इसके अलावा, डिजिटल ट्रांजैक्शन और मोबाइल एप्स से हुए पैसों के आदान-प्रदान पर भी नजर रखी जा रही है।

# राजौरी-जम्मू हेलीकॉप्टर सेवा फिर से शुरू, 22 मिनट में तय होगा सफर

**राजौरी, 14 नवंबर [एजेंसी]।**



राजौरी जिले के निवासियों के लिए एक सुखद समाचार है। लंबे समय के बाद जिले में हेलीकाप्टर सेवा फिर शुरू कर दी गई है, जिससे पहाड़ी और दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को महत्वपूर्ण सुविधा मिलेगी। अब लोग राजौरी से जम्मू मात्र 22 मिनट में पहुंच सकेंगे, इसके लिए किराया 2000 रुपये निर्धारित किया गया है।राजौरी के जिला उपायुक्त अभिषेक शर्मा ने वीरवार को खेल स्टेडियम खेवहरा स्थित हेलिपैड का निरीक्षण किया और सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि हेलीकाप्टर सेवा का पुनः आरंभ होना आम जनता के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, विशेषकर मेडिकल इमरजेंसी, सड़क हादसों या अन्य आपात स्थितियों में, जहां समय पर पहुंचने से कई लोगों की जान बचाई जा सकेगी।यह सेवा राजौरी जिले के सीमावर्ती और दुर्गम क्षेत्रों के निवासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है, क्योंकि इससे अन्य क्षेत्रों तक पहुंचना आसान हो जाएगा। सेवा के सुचारु संचालन और बेहतर समन्वय के लिए अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त (एडीडीसी) मलिकजादा शेराज-उल-हक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।राजौरी के वरिष्ठ नागरिक डा. विजय गुप्ता ने कहा कि प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम हर राजौरी वासी के लिए फायदेमंद है।

यह सेवा बहुत कम खर्च में राजौरी से जम्मू तक हवाई मार्ग से पहुंचा रही है, जिससे समय की भी काफी बचत होगी। उन्होंने कहा कि 15 से 20 मिनट में व्यक्ति राजौरी से जम्मू या जम्मू से राजौरी पहुंच सकता है, और वह भी कम पैसों में।राजौरी के लोगों को इस सेवा का लाभ उठाना चाहिए ताकि यह सेवा निरंतर चलती रहे। अन्य नागरिकों में नरेश कुमार, लक्ष्मीकांत और गौरव शर्मा ने सुझाव दिया कि जम्मू में ड्राप प्वाइंट को शहर के केंद्र में रखा जाए, ताकि लोगों को आने-जाने में कोई दिक्कत न हो और समय की बचत हो सके। वर्तमान में लैंडिंग प्वाइंट सतवारी एयरपोर्ट रखा गया है, जो शहर से काफी दूर है। इसलिए प्रशासन से अनुरोध है कि ड्राप प्वाइंट को शहर के मध्य में स्थानांतरित किया जाए।

# भारत-नेपाल सीमा पर झड़प, नेपाल सशस्त्र पुलिस ने की दो राउंड हवाई फायरिंग



**वाल्मीकिनगर।** सीमावर्ती नवलपरासी जिला के गुठी परसौनी स्थित भारत-नेपाल सीमा नाका क्षेत्र में बुधवार देर रात भारतीय तस्करों और नेपाल सशस्त्र पुलिस के बीच झड़प हो गई।स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने आत्मरक्षा में दो राउंड हवाई फायर किया जिसके बाद तस्कर भारतीय सीमा की ओर भाग निकले। हालांकि इस संबंध में एसएसबी अधिकारी ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। नवलपरासी जिला के सशस्त्र पुलिस बल के एसपी संतोष राय मांझी ने बताया कि बुधवार की रात लगभग 11 बजे गुठी परसौनी स्थित बसैया नाका के दस गजा क्षेत्र में भारतीय सीमा से पांच मोटरसाइकिलों पर मछली की सूखटी (सुखाई गई मछली) लादकर तस्कर नेपाल में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। ड्यूटी पर तैनात नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने मोटरसाइकिलों को रोककर बोरे की जांच शुरू की।

जांच के दौरान तस्करों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर भारतीय सीमा क्षेत्र से उनके करीब 25 से 30 साथी भी मौके पर पहुंच गए।उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और झड़प शुरू कर दी। स्थिति को नियंत्रण में लाने और अपनी सुरक्षा के लिए सशस्त्र पुलिस ने दो राउंड हवाई फायर किया।फायरिंग के बाद सभी तस्कर और उनके साथी भारतीय सीमा क्षेत्र की ओर भाग गए। इस दौरान भागते वक्त मोटरसाइकिल पर लदी दो बोरी सूखी मछली नीचे गिर गई। पुलिस ने दोनों बोरियों को बरामद कर जब्त कर लिया है। घटना के बाद सीमा क्षेत्र में चौकसी और बढ़ा दी गई है।

### सड़क निर्माण में ठेकेदार की मनमानी, प्रशासन मौन

# धूल का गुबार बीमार कर रहा जनकपुर को

**जनकपुर।** एमसीबी जिले की विकासखंड मुख्यालय जनकपुर के नगरवासी इन दिनों सड़क ठेकेदार की मनमानी के कारण धूल में सांस लेने को मजबूर है। वहीं जिम्मेदार प्रशासन मौन बना हुआ है।

विदित हो कि जनकपुर बस्ती मनेन्द्रगढ़ तिराहा से बनास नदी पुल तक लगभग 03 किलोमीटर की मुख्य सड़क निर्माण के लिए शासन द्वारा लगभग 07 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है, लेकिन जिस ढंग से इस सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत हुई है, उसने शासन-प्रशासन की गंभीरता और ठेकेदार की नीयत दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ठेकेदार द्वारा काम की शुरुआत उन सुनसान हिस्सों से की गई है, जहाँ न जनता की पहुँच है, न मीडिया की निगरानी, और न ही किसी प्रकार की जवाबदेही का दबाव ही है। ठेकेदार द्वारा इस सड़क में बड़ी साइज की गिट्टी बिछा दिया गया जो कि वाहनों के चलने से गिट्टी बिखरने लगी, जिसे छिपाने के लिए



ठेकेदार ने गिट्टी के ऊपर डस्ट दल दिया। लेकिन डस्ट के ऊपर रोजाना पानी का छिड़काव नहीं करने से सड़क पर वाहनों के चलने से यही डस्ट धूल बनकर उड़ रही है। जिससे सुबह से लेकर शाम तक पूरा कस्बा डस्ट की धूल के बादल में घिरा रहता है। जिससे दुकानदारों का सामान, खाने-पीने की वस्तुएँ और घरों की दीवारें तक धूल की परत जमीं रहती हैं। वहीं स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस सड़क में गिट्टी के ऊपर डाली गई डस्ट की धूल से अब साँस लेना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं लंबे समय से सड़क निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे नागरिक अब खुले तौर पर कह रहे हैं कि सड़क निर्माण कार्य को देखने से यह प्रतीत हो रहा है कि शासन की प्राथमिकता जनहित नहीं बल्कि भुगतान केंद्रित नजर आ रहा है।

हालांकि सड़क से निकलने वाली धूल प्रदूषण और तेज रफ्तार वाहनों से बढ़ते खतरे को देखते हुए जनकपुर नगर के नागरिक अब सक्रिय हो गए हैं। नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण के दौरान अत्यधिक शोर और वायु प्रदूषण भी हो रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों का स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है।

धूल, प्रदूषण और दुर्घटनाओं की सम्भावनाओं से जूझ रही जनता अब जिम्मेदार शासन प्रशासन से अपेक्षा कर रही है कि सड़क कार्य को पारदर्शी और क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुरूप बनाया जाए।



# झुमका जलाशय के टापू में फंसे 4 लोगों को बचाया

### नाव पलटने से बड़ी दुर्घटना टली, एनडीआरएफने किया मॉकड्रिल

**कोरिया।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कैलेंडर वर्ष 2025-26 के तहत आज झुमका डैम में जिला स्तरीय मॉक अभ्यास (अपग्रेडिंग) एनडीआरएफके अधिकारियों के सहयोग से आयोजित किया गया।अभ्यास के दौरान झुमका जलाशय के टापू में फंसे चार लोगों को रेस्क्यू टीम ने सफलतापूर्वक बाहर निकाला।इसी बीच एक नाव अचानक पलटने से दो लोग पानी में गिर गए, बचाव-बचाव की आवाज सुनते ही आपदा प्रबंधन दल के सदस्यों ने जान जोखिम में डालकर सुरक्षित निकाला।

सभी पीड़ितों को बाहर निकालने के बाद फायर कर्मियों द्वारा एम्बुलेंस से स्वास्थ्य टीम तक पहुँचाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने तत्काल प्राथमिक उपचार दिया।आपदा में बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए गएमौके पर मौजूद एनडीआरएफ व जिला आपदा प्रबंधन दल के अधिकारियों ने समझाया कि बाढ़ जैसी स्थिति में घबराएं नहीं, ऊँचे स्थानों पर जाएं, बच्चों और बुजुर्गों को प्राथमिकता दें तथा नाव या रस्सी का उपयोग कर बचाव दल का सहयोग करें। साथ ही बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने, साफ पानी का उपयोग करने जैसे सुरक्षा उपायों की जानकारी भी दी गई।तैयारी और समन्वय की मिली झलक।

जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग द्वारा इस अभ्यास हेतु होमगार्ड, बचाव दल, मोटर बोट सहित आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए। इस मॉकड्रिल से जिला प्रशासन की तैयारियों का आकलन हुआ और ग्रामीणों को आपदा से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। एनडीआरएफ अधिकारियों ने गैस सिलेंडर में आग लगने पर सुरक्षित उपायों का भी प्रदर्शन किया।अभ्यास का उद्देश्यइस मॉकड्रिल का उद्देश्य जलाशय क्षेत्र में संभावित बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य की तत्परता का परीक्षण करना और ग्रामीणों को आत्मरक्षा के उपाय सिखाना था। ऐसे अभ्यास समय-समय पर होते रहने से जनहानि को कम करने और आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद मिलेगी।संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, सोनहत एसडीएम अंशुल वर्मा, बैकुंठपुर एसडीएम उमेश कुमार पटेल सहित पुलिस बल, जिला सेनानी बल, जनसंपर्क विभाग, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, फायर ब्रिगेड एवं आपदा प्रबंधन दल के अधिकारी और कर्मचारी और बड़ी संख्या में युवा व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अवैध मदिरा विक्रेता को भेजा गया जेल

**कोरिया।** कलेक्टर कोरिया चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण, बिक्री और तस्करी पर सख्त कार्रवाई जारी है। जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम सागरपुर (थाना बैकुण्ठपुर) में दबिश देकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।प्राप्त सूचना के आधार पर की गई कार्यवाही में आरोपी जीवन राम पिता रामेश्वर राम के कब्जे से 06 लीटर हाथभट्टी अवैध शराब बरामद कर जप्त की गई। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायाधीश द्वारा आरोपी को 14 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया गया।इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सपना सिन्हा, मुख्य आरक्षक बबुआ राम, किशुन राम, आरक्षक नरेन्द्र राजवाड़े, हेमंत राजवाड़े एवं नगर सैनिक रोमा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिले में माह अक्टूबर तक आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत 07 प्रकरण कायम किए गए हैं, जिनमें कुल 50.95 लीटर शराब की जप्ती हुई है।जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी एवं सुविधा हेतु मोबाइल पर प्लेस्टोर से सेवा सुविधा ऐपश् उपलब्ध कराया गया है। इसके माध्यम से कर्मचारी पारिश्रमिक, ड्यूटी सूचना और शिकायतों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।इसके अलावा, आम नागरिकों के लिए 'मनपसंद ऐप' के माध्यम से राज्य की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों में उपलब्ध ब्रांड, बोतल, अद्धी और पाव के मूल्य एवं स्टॉक की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अवैध शराब की बिक्री या अन्य शिकायतों के लिए नागरिक टोल फ्री नंबर 14405 अथवा मोबाइल नंबर 9424102102 पर व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दे सकते हैं।



### दाराहाडी मधुमक्खियों को भगाकर लोगों को दी गई राहत

**कोरिया पांडवपारा।** जिले के ग्राम पंचायत खोड के सरपंच मंगल सिंह एवं जनपद सदस्य रंजीत मंडल एव तसिलदार अभिसार पांडे सचिव राम सुशील पांडे पटवारी अंजना खोलखो फारेस्ट गाड मनोज एक्का एवं भरत देवांगन एवं सभी मिल कर शाम को आग जलाकर झिलिमिली जंगल में मधुमखी की परजाती हाडा दुमबा के जानलेवा आतंक से छुटकारा दिलाया गया और फारेस्ट गाड मनोज एक्का ने अपने टिम के साथ हाडी को आग लगा कर नसट कराया गया जो पांच दिन के अंदर दो लोगो कि जान चला गया हाडी के काटने से पांडवपारा मे स्थानीय निवासी असुरक्षा महसूस करते रहे वन विभाग के इस कार्यवाही से लोगों में खुशी का माहौल है तथा वन विभाग के कर्मचारियों का आभार प्रदर्शन किया गया निश्चित तौर पर वन विभाग कोरिया के अधिकारी कर्मचारी आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील हैं।

## 9 लाख से अधिक की सरकारी राशि का दुरुपयोग उजागर

**एमसीबी।** ग्राम पंचायत कोथारी में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मनरेगा योजनाओं के तहत सरकारी राशि के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। जांच में सरपंच और आवास मित्र की मिलीभगत से फर्जी जियो टैग व मस्टररोल तैयार कर भुगतान करने का मामला प्रमाणित पाया गया। प्रशासन ने दोनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के अनुसार, ग्राम पंचायत कोथारी की सरपंच श्रीमती यशोदा सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.) के अंतर्गत अपने नाम पर एक और परिवार के दो अपात्र सदस्यों के नाम पर आवास स्वीकृत करवाए। आवास मित्र के साथ सांठगांठ कर फर्जी जियो टैग बनवाए गए और उन पर किस्तों का भुगतान भी करवा लिया गया। इतना ही नहीं, मनरेगा के अप्रमाणित मस्टररोल के आधार पर मजदूरी भुगतान का भी खुलासा हुआ है। इसी तरह ग्राम पंचायत के आवास मित्र श्री राजकुमार यादव ने स्वयं के नाम पर एक और परिवार के चार अपात्र सदस्यों को योजना का लाभ दिलाया। जांच में यह भी सामने आया कि सभी आवासों के जियो टैग फर्जी हैं और भुगतान मनरेगा की गैर प्रमाणित मस्टररोल से किया गया।

### हाथी ने जनहानि की घटना में की तत्कालिक सहायता

**जशपुरनगर।** जशपुर वनमण्डल अन्तर्गत कांसाबेल परिक्षेत्र के ग्राम सिकीपानी में प्रातः लगभग 05.30 बजे हाथी द्वारा जनहानि की दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई। कुनकुरी परिक्षेत्र से आये 12 नग हाथियों का दल कांसाबेल परिक्षेत्र में वितरणस्त था।



## अधिकारी-कर्मचारी को मास्टर ट्रेनर ने दिया प्रशिक्षण

**एमसीबी।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना के अंतर्गत सरकारी विभागों एवं कार्यालयों में (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) पोर्टल के माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से सामग्री क्रय को बढ़ावा देने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक त्रिपुरारी राम कश्यप ने की। कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित हुई - प्रथम सत्र दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय सत्र दोपहर 3 बजे से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का संचालन रायपुर से आए मास्टर ट्रेनर राकेश तिवारी ने किया। उन्होंने पोर्टल के माध्यम से क्रेता ऑनबोर्डिंग, निविदा दस्तावेज तैयार करने, प्रकाशित करने और खोलने की संपूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय सत्र में अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि तद्गरूपोर्टल के माध्यम से क्रय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनती है, जिससे स्थानीय इकाइयों को अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने विभागीय क्रय में पारदर्शिता और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। इकाइयों के लिए आयोजित विशेष सत्र में विक्रेता पंजीयन, उत्पाद कैटलॉग तैयार करने तथा निविदा प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने के विषय में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर स्र्स्स्ध प्रतिनिधि सीए अरिहंत कुमार बोथरा, हर्षिता जैन, प्रमोद बंसल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी और व्यवहारिक बताया।

## 15 को आयोजित होगा जनजातीय गौरव दिवस

**कोरिया।** शनिवार 15 नवम्बर को जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल खरवत में किया जाएगा।छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी प्रपत्र अनुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।इस दिन शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन भी किया जाएगा। शासकीय संस्थानों, आश्रम छात्रावास तथा आवासीय विद्यालयों में कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे।साथ ही अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के सदस्यों, जनजातीय समुदाय के प्रमुखों आदि का सम्मान भी किया जाएगा, जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प एवं विकास प्रदर्शनी तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये भारत सरकार एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा। वहीं जनजातीय ग्रामों/विकासखण्डों में विशेष कैम्प (लाभार्थी संतृप्ति शिविर) का आयोजन कर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन खाता, जाति प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, आदि के संतृप्तिकरण के लिए सेवा प्रदाय एवं वितरण तथा सिकल सेल जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प का आयोजन भी की जाएगी।

## प्रबंधकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

**कोरिया।** कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यो की प्रगति एवं भौतिक-वित्तीय स्थिति की समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से स्वीकृत कार्यों में से प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की एजेंसीवार समीक्षा की गई।कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने बैठक में सर्व संबंधित अधिकारियों को कार्य पूर्णता के पश्चात उपयोगिता एवं पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।बैठक में जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डी.डी. मांडवी एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान विकास खंड में प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**कोरिया।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 7 दिसंबर को होने जा रहा है। इस अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अध्यक्ष विकासखण्ड साक्षरता मिशन समिति सोनहत की अध्यक्षता में जनपद सभा कक्ष में समीक्षा बैठक एवं कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी ,जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया, विकास खंड शिक्षा अधिकारी सोनहत, सहित समस्त संकुल पाचार्य/समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहे।कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोरिया चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार बैठक में विकास खंड साक्षरता मिशन समिति से मिली जानकारी के अनुसार 15 से अधिक आयु वर्ग के चिन्हित शिक्षार्थी जो अभी शिक्षा की धारा से नहीं जुड़ सके हैं उनके अभियान के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न स्तर में समन्वयक को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जिला परियोजना अधिकारी एवं राज्य साक्षरता मिशन के निर्देशों के अनुसार विकासखंड के प्रत्येक ग्राम तक प्रचार.प्रसार, डाटा कम्प्यूटरी करण और परीक्षा की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्राम सचिवों की बैठक आयोजित कर परीक्षा केंद्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने और प्रचार.प्रसार सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है जिसके अनुक्रम में यह जिम्मेदारी सचिव ग्राम पंचायत को दी गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारीध्नोडल अधिकारी को परीक्षा संचालन, मूल्यांकन और परीक्षा केंद्रों तक प्रश्न पत्रों की सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है जिसके लिए संकुल प्राचार्यों और समन्वयकों को परीक्षा केंद्रों पर समन्वय उत्तर पुस्तिकाओं की जांच और डाटा एंट्री में सहयोग करने का कार्य सौंपा गया है।कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर यथा संभव शिक्षार्थियों हेतु भोजन/नास्ता के साथ पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्राप्त निर्देश की जानकारी प्रदान की गई साथ ही परीक्षा महाअभियान के व्यापक प्रचार.प्रसार के लिए दीवारों पर नारा लेखन और जागरूकता कार्यक्रम एवं मुनादी हेतु निर्देश दिया गया।

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नारी शक्ति की अहम भूमिका- जिलाध्यक्ष

**कोरिया बैकुंठपुर।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आत्मनिर्भर भारत एवं महिला सम्मेलन नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक-06 सामुदायिक भवन मे भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, बसंत राय, राजेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, पूर्व नपाध्यक्ष कुंती चक्रधारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जीवनानी,मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, महामंत्री मुन्ना चक्रधारी, महिला मोर्चा महामंत्री संगीता गुप्ता, महामंत्री रीता यादव, पार्षद रेखा वर्मा, ज्योति देवांगन उपस्थित रहें।



कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि, केन्द्र एवं प्रदेश सरकार ने महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है जिसका फायदा महिलाओं को मिल रहा है, उन्होंने कहा आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी। उन्होंने ने कहा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा पारंपरिक उत्पादों को स्थानीय एवं प्रदेश के बाजारों तक पहुंचने से समूह सहायत के महिलाओं के जीवन मे परिवर्तन हुआ है। पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं लागू की है, जिस कारण आज महिलाएं राजनीति, व्यापार और समाज सेवा में नई ऊंचाइयां छू रही हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा महिलाओं को संगठन और समाज दोनों में अग्रणी भूमिका दी है। पटना नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह ने कहा कि, महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैँ इसलिए देश का विकास नई ऊचाईयां छू रहा हैँ। नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नारी शक्ति की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है और भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्त भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'उज्ज्वला योजना' तक ने लाखों महिलाओं के जीवन में बदलाव लाया है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष उर्मिला, पुष्पलता राजवाड़े, सिंह, प्रियंका सिंह, साक्षी सिंह राजपूत, सीमा रानी सिंह, शिल्पा शर्मा, काजल मोदी, रीना शर्मा, पुष्पा राजवाड़े, अनीता गुप्ता, गीता गिरी,सविता मिश्रा, झर्मिला देवी, सावित्री देवांगन सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धोखाधड़ी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** प्रार्थिया लिखित शिकायत पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि यह ग्राम हल्दी में 2.50 डिससील प्लाट खरीदने के लिए 25,00000/रूपये का सौदा तय हुआ था। जिसका ब्याना राशि प्रार्थिया द्वारा 5,00000/रूपये दिया था। जिसका रजिस्ट्री नही हुआ था। रजिस्ट्री के लिए के0सी0सी0 लोन के लिए यह अपने लडके के साथ भारतीय स्टेट बैंक गया जहॉ एक व्यक्ति जिसने अपने आप को बैंक का कर्मचारी हॅू कहकर अपना नाम अर्पित देवांगन बताकर के0सी0सी0 लोन 15,00000/रूपये दिलाने के एवज में 5,00000/रूपये की मांग किया। तब आरोपी द्वारा प्रार्थिया के खाता से चेक के माध्यम से अपने खाता में ट्रांसफर करा लिया और प्रार्थिया द्वारा बार-बार लोन दिलाने कहने पर आज दिलाता हॅू , कल दिलाता हॅू कहकर टाल मटोल करता रहा।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर होंगे जिले में कार्यक्रम

**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर विश्राम गृह बैकुण्ठपुर में प्रेसवार्ता आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक भूलन सिंह मराबी, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला पंचायत मोहित पैकरा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्यारे साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामप्रताप मराबी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, सोशल मीडिया सह संयोजक राकेश गुप्ता उपस्थित रहें।



विधायक भूलन सिंह मराबी प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि, ब्रिटिश हुकूमत द्वारा अपने जलए जंगलए ज़मीनए जनजाति पहचान एवं स्वतंत्रता पर संकट देखकर उसके रक्षण के लिए शोषणवादी अंग्रेजी सत्ता के विरोध में उलगुलानश् आंदोलन करने वाले धरती आबा की उपाधि से विभूषित भगवान बिरसा मुंडा की यह 150 वी जयंती का वर्ष है। उनका जन्म 15 नवम्बर 1875 को अलिहातू ग्राम जनपद राँची में हुआ था। अंग्रेजों के खिलाफ़ सशस्त्र विद्रोह करने के कारण वह गिरफ्तार हुए एवं जेल में ही 9 जून 1900 को उनका बलिदान हो गया । उनकी संघर्षमय स्मृति को चिरस्थायी रूप देने एवं उनसे युवा पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त कर सकेए इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है भगवान बिरसा मुंडा ने दुर्व्यसनों से रहित जीवन अंधविश्वास से मुक्ति एवं अपनी भूमि के प्रति स्वाभिमान का भाव जनजाति समाज को सिखाया। उन्होंने शोषण के प्रति आवाज उठाते हुए बेगारी प्रथा का विरोध किया। ब्रिटिश सत्ता को लगान न देने का आह्वान कर उन्होंने उलगुलान आंदोलन कों प्रारंभ किया। जनजाति गौरव दिवस केवल भगवान बिरसा मुंडा ही नहीं आदिवासी समाज में जन्मे उन असंख्य महापुरुषों को समर्पित है जिन्होंने भारतीय संस्कृति के उत्थान एवं देश की स्वतंत्रता के लिए अपना संपूर्ण जीवन उत्सर्ग किया ।जनजाति समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार ने स्वतंत्र जनजाति मंत्रालय जनजाति आयोग का गठन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वनोपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं स्टैंडअप इंडिया स्कीम में उद्यमिता विकास के लिए 1 लाख से 10 करोड़ तक की सहायता राशि प्रदान करने की व्यवस्था की है । जनजाति समाज में व्याप्त रोग सिकल सेल के समूल नाश का प्रयास मोदी सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर कर रही है । देश की संवैधानिक व्यवस्था में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मूए अनेक राज्यों में महामहिम राज्यपाल एवं अनेक संवैधानिक दायित्व पर जनजाति नेतृत्व स्थापित है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं गृह मंत्रालय के संकल्प से नक्सलवाद मुक्त भारत बन रहा है । जिसके कारण जनजाति क्षेत्र का विकास भी संभव हो सकेगा। भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती के अवसर पर जब हम जनजाति गौरव दिवस मनाते हैं इसका अर्थ संपूर्ण जनजाति समाज द्वारा भारत के विकास में योगदान का स्मरण करना हैं । हम जनजातीय समाज को अपना प्रेम देते हुए उनके विकास में अपना योगदान का संकल्प लेना हैं । नक्सल मुक्त भारत के संकल्प के साथ खड़े होना है । हमारी अपनी एक संस्कृति है हमारे सभी के महापुरुष समान है यह भाव विकसित कर समस्त विघातक षड्यंत्रों से जनजाति समाज को मुक्त करना हैए इन संकल्पों से ही जनजाति गौरव दिवस मनाने की पूर्ति होगी एवं भगवान बिरसा मुंडा को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।


छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
बस्तर
अब समृद्धि की ओर...
औद्योगिक निवेश और
आर्थिक प्रगति का नया दौर
❖ नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना से बस्तर में निवेश के खुले द्वार
❖ छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति के केंद्र में बस्तर
❖ पर्यटन और छोटे उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन
❖ औद्योगिक माहौल को आसान और पारदर्शी बनाने के लिए कई नवाचार
❖ उद्यमियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं, वर्ष में केवल एक बार परीक्षण
❖ निवेशकों को 'इंसेंटिव कैलकुलेटर' से लाभ की सटीक जानकारी
❖ उद्योग स्थापना के लिए नक्सल पीड़ित परिवारों को विशेष अनुदान और अतिरिक्त प्रोत्साहन
❖ पर्यटन, कृषि-बागवानी, इलेक्ट्रॉनिक और फार्मास्युटिकल जैसे क्षेत्रों में निवेश पर विशेष अनुदान और छह वर्षों तक वित्तीय सहायता
❖ स्थानीय उद्यमियों को उद्योग स्थापना और रोजगार सृजन में प्राथमिकता
❖ अनुसूचित जाति/ जनजाति वर्ग के उद्यमियों के लिए 10% अतिरिक्त सब्सिडी का प्रावधान
❖ आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार देने वाले उद्योगों को 40% सैलरी सब्सिडी का प्रावधान
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
S-45738/1
QR स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## विधानसभा संयोजकों को मिलेगी जवाबदारी

**कोरबा।** एसआईआर को लेकर भाजपा ने विधानसभा संयोजकों की नियुक्ति कर दी है। आज संयोजकों के साथ-साथ मंडल अध्यक्षों को भी बुलाकर बैठक ली जाएगी और उनको जवाबदारी दी जाएगी। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में हरीश थरवानी, रामपुर में अजय कंवर, कोरबा में प्रफुल्ल तिवारी को संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा सभी मंडलों में अलग से प्रभारियों की नियुक्ति की गई है जो मंडलों में बैठक ले चुके हैं। आज की बैठक में किए गए कार्यों की रिपोर्ट ली जाएगी। बैठक में मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, डिलेंद्र यादव, राजेश राठौर, रामकुमार गभेल, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, दिनेश राठौर सहित बीएलओ-1 मौजूद रहेंगे।

## स्कूलों में लगा मेला

**कोरबा।** आज बाल दिवस के अवसर पर छुरी नगर पंचायत क्षेत्र के दो स्कूलों में मेला लगाया गया है। हाईस्कूल व विवेकानंद स्कूल में बच्चे खाद्य सामाग्री बेचेंगे और बच्चे ही मेले का आनंद उठाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष पद्मिनी देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन, रमेश श्रीवास, टिकैत डोंगरे सहित सभी पार्षद इन स्कूलों में जाकर बच्चों का उत्साहवर्धन करेंगे।

## कोल इंडिया प्रभारी रेड्डी ने बैठक ली

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के कोल इंडिया प्रभारी के.लक्ष्मा रेड्डी के द्वारा बिलासपुर में समन्वय समिति की बैठक ली गई। पूरे एसईसीएल में भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के 9 संगठन हैं। इन सभी संगठनों के अध्यक्ष व महामंत्रियों को बुलाया गया था। कोरबा क्षेत्र से हिरेंद्र चंद्रा, रंजय सिंह, गेवरा दीपका से रमेश गुरुद्वान, रामानारायण साहू शामिल हुए थे। इन सभी 9 क्षेत्रों के पदाधिकारियों ने किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और सदस्यता अभियान के संबंध में भी बताया। हर क्षेत्र में आईआर के बैठक होते हैं। उन बैठकों में उनके कार्य हो रहे हैं या नहीं, इसकी भी जानकारी दी गई। आने वाले दिनों में रूपरेखा भी तैयार की गई है।

## सेफ्टी सदस्यों ने जोहिला का किया दौरा

**कोरबा।** कंपनी सेफ्टी सदस्यों ने कल जोहिला क्षेत्र में जाकर कोयला कामगारों से मुलाकात की और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई सुझाव लिए। खासकर खदान क्षेत्र में लाइटिंग व्यवस्था का अवलोकन किया जाता है। इसके अलावा सड़क की दशा को देखकर कार्य कराए जाते हैं। कंपनी सेफ्टी सदस्य धर्मा राव सहित चार सदस्य शामिल हुए। इधर गेवरा में भी डंपिंग स्थल पर लाइट नहीं पहुंचने की शिकायत एचएमएस के शेख चांद मंसूरी ने प्रबंधन से की थी। इसके बाद डंपिंग स्थल पर जाकर कार्य कराए गए। सेफ्टी सदस्य लगातार एरिया का दौरा कर रहे हैं। जिसके आधार पर द्विपक्षीय व त्रिपक्षीय वार्ता भी आयोजित की जाती है। कोरबा एरिया के सेफ्टी सदस्य अशोक सूर्यवंशी, कृष्णा तिवारी, सुरेश श्रीवास सहित अन्य सदस्यों ने खदानों का निरीक्षण किया था। जिसके आधार पर प्रबंधन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की गई।

*कोरबा। दीपावली पर बीतने के बाद कोरबा नगर और आसपास के इलाके में गौरा गौरी पूजन की परंपरा तेज हो गई है। महिलाओं के स्व सहायता समूहों के अलावा कई संगठन इस प्रकार के आयोजन में लगे हुए हैं।

# खतरे यहां भी, कारतूस जब्ती के बाद दो आरोपियों को पकड़ा पुलिस ने

### आरोपियों में एक स्थानीय दूसरा है बाहरी

**कोरबा।** नई दिल्ली में आतंकियों के गिरोह द्वारा ब्लास्ट करने के बाद हर तरफ अलर्ट जारी किया गया है और संदिग्ध गतिविधियों पर ध्यान दिया जा रहा है। औद्योगिक जिले कोरबा में मिली एक सूचना पर सिविल लाइन पुलिस द्वारा साइबर सेल ने कार्रवाई की। होटल में एक मामले में जिंदा कारतूस मिलने की खबर के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि एक लोकल है और दूसरा बाहरी।




सिविल लाइन थाना के प्रभारी प्रमोद डनसेना ने बताया कि हमारे इलाके में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। एक होटल में 3 दिन से ठहरे संदिग्ध युवक के कब्जे से देशी कट्टा और करीब 20 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने सहयोगियों के साथ इस कार्रवाई को अंजाम दिया। विस्तृत पूछताछ के बाद मामले में दो आरोपी गिरफ्त में आए। इनमें से छत्तीसगढ़ का रहने वाला है और दूसरा अन्य राज्य का।

जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एक स्थान पर युवक के तीन दिन से ठहरने और उसके आचरण पर संचालक को संदेह हुआ। उसने इस बारे में पुलिस को अवगत कराया। क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए मौके पहुंचकर एक युवक को हिरासत में लेकर और उसके नाम से आरक्षित कमरे की तलाशी ली तो सामानों के बीच एक देशी कट्टा और 20 से अधिक जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूरे प्रकरण में विभिन्न तथ्यों की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने आज दोपहर बाद इसका अधिकारिक रूप से खुलासा करने की बात कही है।

बताया गया कि नई दिल्ली में ब्लास्ट की घटना और बालकोनगर के सोनगुड़ा में डकैती के बाद सभी तरफ विशेष निगरानी की जा रही है। कहा गया कि किसी भी तरह की खतरों को टालने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## कछुआ चाल से चल रहा है सड़कों के सुधार का काम

**कोरबा।** डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फाऊंडेशन से 25 करोड़ 98 लख रुपए विभिन्न सड़कों के सुधार के लिए खर्च किए जा रहे हैं। प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग को इसकी जिम्मेदारी दे रखी है और समय सीमा में काम को पूरा करने का निर्देश दिया है। कोरबा के गौ माता चौराहा और कटघोरा क्षेत्र में इस काम की शुरुआत की गई है। लोगों ने बताया कि जिस रफ्तार से सड़क सुधार के पेचवर्क को किया जाना चाहिए उसकी रफ्तार बहुत ही धीमी है और इससे लगता है कि लोगों को राहत प्राप्त करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। कोरबा शहर में मुख्य मार्ग के अलावा दूसरे रास्ते में भी छोटे-बड़े गड्ढों की संख्या बहुत ज्यादा हो गई है और ऐसे में यहां पर से होकर आवागमन करना काफी मुश्किल हो रहा है। काफी समय से लोग इन परेशानियों के बीच आना-जाना कर रहे हैं।

## कंपनी वेलफेयर कमेटी सदस्य कालोनी का करेंगे निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल कंपनी के वेलफेयर कमेटी सदस्य आज गेवरा आ रहे हैं। वे गेवरा कालोनी के अलावा चिकित्सालय व स्कूल का भी निरीक्षण करेंगे। उनके साथ एरिया वेलफेयर कमेटी सदस्य रहेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा कल ही बना ली गई थी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वेलफेयर समिति हर तीन माह में एरिया का दौरा करते हैं और रिपोर्ट बनाने के बाद कालोनियों में कार्य किए जाते हैं। आज कंपनी सदस्य प्रीतम पाठक महेंद्र पाल सिंह, राजेश शर्मा सहित अन्य सदस्य गेवरा आ रहे हैं और वे कालोनी का निरीक्षण करते हुए शिकायत स्थल पर भी जा सकते हैं। ऊर्जानगर बी-177 केंद्रीय कर्मशाला वेलफेयर कमेटी सदस्य लखन सिंह के आवास में लगा पाइप लाइन टूटा हुआ है। इसकी शिकायत किए



जाने के बद भी अभी तक सुधार कार्य नहीं हुआ है। एसकेएमएस के एलपी चंद्रा ने बताया कि कोयला कामगार अपनी शिकायत को लगातार दर्ज कराते रहे हैं। कंपनी सेफ्टी सदस्यों के साथ आरके पांडेय, सुनील पटेल, हमराज राव, मणीकांत, एमपी सिंह, सीताराम साहू सहित अन्य सदस्य भी जाएंगे।

## प्रशिक्षु चिकित्सक दो दिन तक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की करेंगे स्वास्थ्य जांच

**कोरबा।** सरकारी और प्राइवेट मेडिकल कॉलेज मैं चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले प्रशिक्षु चिकित्सकों के लिए कई प्रकार के नियम सरकार ने सुनिश्चित किए हैं। इसके अंतर्गत तूने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर सेवा कार्य से खुद को जोड़ना है। विकासखंड कोरबा के दूरस्थ ऐसे क्षेत्रों में रायपुर से आए चिकित्सा अगले दो दिन तक कैंप करने के साथ स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य को देखेंगे। 15 वरिष्ठ डॉक्टर के साथ यह चिकित्सा छात्र आज पहुंचे। बताया गया कि देव्पहरी, सोनारी, लेमरू, चिरईझुंज, गढ़ उपरोला, लुदुखेत, कारीमाटी, देव्द्वारी, नकिया और आसपास के 40 ग्रामों को केंद्र बनाया गया है जहां पर यह चिकित्सा कल से कैंप करेंगे। इनमें सभी प्रकार के डॉक्टर को शामिल किया गया है। बताया गया कि जिस क्षेत्र में इन डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जा रही है वह अनुसूचित जनजाति बाहुल्य इलाका है। आर्थिक रूप से कमजोर और विकास के मामले में काफी हद तक पिछड़े हुए इस इलाके में स्वास्थ्य की दृष्टि से कुछ काम हुए हैं लेकिन यह नाकाफी हैं। सरकार की नीति के तहत ऐसे रिमोट एरिया को अब ध्यान में रखा गया है और यहां के लोगों के जीवन स्तर में बदलाव को लेकर नीति बनाई गई है। ऐसे डॉक्टर की टीम के कोरबा पहुंचने पर उनका औपचारिक स्वागत सत्कार कुआंभट्ट स्थित विवेकानंद सेवा सदन में हुआ। इसके बाद इन्हें देव्पहरी के लिए रवाना किया गया। बताया गया कि पहली बार इस प्रकार की कोशिश वनवासी क्षेत्र के लिए की जा रही है। माना जा रहा है कि वृहद स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए इस प्रकार का काम होने से जनजाति वर्ग को उनके मामले में काफी सहूलियत मिल सकेगी।

# मारपीट कर पासवर्ड पूछा और मोबाइल लूट ले गए बदमाश

**कोरबा।** पिछले कई दिनों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी, झपटमारी, लूटपाट की वारदातों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। कुछ मामलों में पुलिस ने सफलता हासिल की है तो कई मामले अनसुलझे हैं। हाल ही में पुलिस ने राह चलते लोगों से लूटपाट के तीन मामलों को सुलझाया तो वहीं नशे के आगोश में समाए युवकों के द्वारा एक और लूट की वारदात को अंजाम दिया गया।

जानकारी के मुताबिक इस मामले का प्रार्थी महेश?वर साहू ढेंगुरनाला कोहड़िया में रहता है तथा एक मोबाईल दुकान टीपी नगर में काम करता है। 10 नवम्बर को वह अपने छोटे भाई परमेश्वर साहू की जगह पर नगर पालिक निगम कोरबा की ओर से पानी छिड़काव करने अपने सायकल से टीपी नगर स्थित नगर निगम के आफिस जा रहा था। रात्रि 10:40 बजे ढोढ़ीपारा स्वागत गेट के सामने गार्डन के पास पहुंचा था, वहां पर 4-5 अज्ञात लड़के मिले जो नशे में होना प्रतीत हो रहे थे। उन्होने महेश्वर को रुकवाकर खींचते हुए रेल्वे लाईन के किनारे पकड़कर ले गए और गाली- गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का एवं बाल्टी से मारपीट करने लगे। उसका सिम लगा मोबाईल का पासवर्ड खोलवाकर मोबाईल को छीन लिये तथा पूरे कपड़ों को तलाश कर पैसे भी ले लिये। उसके



बाद वहीं पर बैठने को बोले और सभी युवक वहां से चले गए। पीड़ित को मारपीट से बांए गाल, नाक, सिर में चोट लगी है। उसके बाद रात्रि करीब 12:30 बजे पीड़ित वहां से सीधे टीपी नगर स्थित नगर निगम के आफिस आया और घटना के बारे में गार्ड जवाहर को बताया। गार्ड से फोन मांगकर घटना की जानकारी परिजन को देकर सिविल लाइन थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया। महेश्वर साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात 04-05 लड़कों के विरुद्ध धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 304(2), 351(3)-क्ष्हस के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी की जा रही है।

## विष्णु महायज्ञ की तैयारी में जुटी प्रबंध समिति

**कोरबा।** नगर के सीतामढ़ी स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर परिसर में विष्णु महायज्ञ का 7 दिवसीय आयोजन मासांत में होगा। प्रबंध समिति के द्वारा इसके लिए तैयारी की जा रही हैं। वर्ष 1930 में पहली बार इस यज्ञ का आयोजन स्वामी जगन्नाथ दास महाराज के द्वारा किया गया था। तब से इस यज्ञ की परंपरा नियमित्त बनी हुई है। इस वर्ष यज्ञ का यह 95 वा आयोजन है। बताया गया कि स्वामी जगन्नाथ दास महाराज अयोध्या से उसे समय यहां पहुंचे थे और उन्होंने लंबे समय तक सीतामढ़ी राम जानकी मंदिर और दमउधारा ऋषभ तीर्थ को अपनी कर्मस्थली बनाया। उन्होंने लंबे समय तक की आगे का संचालन कराया। उनके देवलोक गमन के बाद स्थानीय प्रबंधन समिति इस काम में लगी हुई है। बताया गया कि 26 नवंबर से यज्ञ का शुभारंभ होगा। इसमें सर्व कल्याण की भावना से 7 दिन तक कई लाख आहुतियां दी जाएंगी।

## जटांगपुर में जोखिम के बीच गंतव्य तक पहुंचने की चुनौती है लोगों के सामने



**कोरबा।** आजादी के बाद भी कई ग्राम आज भी मूल भूत सुविधा पक्की सड़क नहीं होने से उबड़-खाबड़ गड्ढे धरसा गाडा रवन से आना जाना कर जीवन बीता रहे हैं, वहीं जनप्रतिनिधियों की नजर भी ग्रामवासियों की समस्या पर पड नहीं रही है ।

नगर से मात्र 2 किमी की दूरी पर ग्राम पंचायत पंड़रीपानी के आश्रित गांव जटांगपुर स्थित है जहां के लोगों को मूलभूत सुविधा पक्की सड़क नहीं होने से यहां के ग्रामीण आज भी उबड़-खाबड़ गड्ढे धरसा गाड़ा रास्ते से आना जाना करना पड रहा है रात में चलना जान जोखिम में डालना है , बारिश के दिनों में उक्त रास्ता किचड़ दलदल में तब्दील होने से आने जाने में समस्या बढ़ जाती है हाईस्कूल और मिडिल स्कूल जाने वाले बच्चों के भारी परेशानी बढ़ जाती है खेत के मेढ़ पार से आना जाना पड़ता है गंभीर बिमार मरीज को खाट में भरकर छुरी तक लाना पड़ता है। ग्राम के ग्रामीणों का कहना है अन्य क्षेत्र के छोटे से छोटे गांव को प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पक्की सड़क बनाकर जोड़ने का कार्य किया गया है परंतु ग्राम जटांपुर से छुरी तक 2 किमी सड़क को आजदी के बाद भी मुख्य सड़क से जोड़ा नहीं जाना ग्राम वासियों के लिए बड़ी दुर्भाग्य की बात है। बताया जाता है कि वर्षों पहले राखड बांध में रेत भंडारण के लिए एनटीपीसी द्वारा सड़क को पक्की बनायी गई थी जिसमें रेत भंडारण के लिए भारी वाहन चलायें जाने से पक्की सडक उखड़ कर बड़े बड़े गड्ढे बन गये जिसमें दो पहिया तो क्या पैदल चलना मुश्किल हो गया है। ग्राम वासियों के लिए बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो गई हैं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी लोगों के समस्या पर सुध नहीं लिए जाना लोगों के लिए अभिश्राफ बन गई है।

# राजस्थान की कंपनी को चोरों ने लगाई चपत

**कोरबा।** कोरबा जिले के दीपिका पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा माइंस में पॉल्यूशन कंट्रोल के लिए लगाई गई महंगी मशीन का महत्वपूर्ण हिस्सा चोरों ने पार कर दिया। इसमें मुख्य रूप से कॉपर का उपयोग किया गया था जिस पर चोरों की नजर थी।

सूचनाओं के अनुसार पॉल्यूशन कंट्रोल के लिए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड राजस्थान की कंपनी को तीन क्षेत्रों में जिम्मेदारी दी है। मौके पर जो इक्विपमेंट लगाए गए हैं उनमें एक-एक यूनिट की कीमत 60 लाख रुपए बताई जा रही है। अलग-अलग स्थान पर उनकी व्यवस्था की गई थी और इनके जरिए पॉल्यूशन की स्थिति को देखा जा रहा था। जानकारी में बताया गया कि इन मशीनों की उपयोगिता को लेकर बड़ी मात्रा में प्रयुक्त कॉपर वायर और दूसरे पार्ट्स को चोरों ने पिछले दिनों पार कर दिया। कोलफील्ड में काम करने वाली कंपनी की ओर से इस बारे में स्थानीय पुलिस को जानकारी दी गई है। कहां गया की कंपनी को इस घटना में लाखों की चपत लगी है दूसरी ओर कामकाज पर असर पड़ा है। याद रहे पिछले वर्षों में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों में डीजल, कोयला और स्क्रैप की चोरी का काम संगठित गिरोह के द्वारा किया जाता रहा। इस पूरे मामले में तरह-तरह की खबरें सामने आती रही। नई सरकार बनने के बाद क्राइम कंट्रोल के अंतर्गत जो व्यवस्थाएं की गई उससे माइंस मैनेजमेंट को राहत मिली। लेकिन पिछले कुछ दिनों से माइंस क्षेत्र में जिस तरह की घटनाएं शुरू हुई है उसने अधिकारियों के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसी को परेशान कर रखा है।

## शक्ति नगर में गायत्री महायज्ञ 18 से

**कोरबा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा अपनी आध्यात्मिक गतिविधियां को बढ़ाते हुए राष्ट्रीय समृद्धि की थीम पर पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहे हैं। कोरबा जिले के एसईसीएल कॉलोनी शक्ति नगर गेवरा में 18 नवंबर से यह आयोजन 3 दिन के लिए होगा। बताया गया कि स्थानीय नागरिक इस आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी करेंगे।

# बिहार की जीत, छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता खुश

### कांग्रेस के लिए फिर मंथन का मौका

**कोरबा।** दो चरण में संपन्न हुए बिहार के विधानसभा चुनाव के नतीजे आज घोषित हो रहे हैं। दोपहर तक जो तस्वीर बनी उससे साफ दिख रहा है कि विभिन्न सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल को पीछे छोड़ते हुए एनडीए काफी आगे है जबकि महागठबंधन की हवा निकलती नजर आ रही है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के अनेक नेताओं को बिहार में चुनाव प्रचार की कमान सौंपी थी। बिहार की जीत से वे खुश हैं जबकि कांग्रेस के प्रदर्शन से उसके नेताओं को मंथन का मौका मिल रहा है।

बिहार में विधानसभा की 243 सीटों पर चुनाव हुआ था। भाजपा ने जदयू और कुछ दलों के साथ मिलकर इस चुनाव को



लड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के चेहरे को आगे रखकर पूरा कैम्पेन किया गया। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में वे सभी पैतरे अपनाए गए जिसकी जरूरत थी। पिछले वर्षों में आपराधिक ग्राफ में कमी आने से लोगों ने राहत महसूस की और केंद्र की योजनाओं ने काफी असर डाला। आज जब नतीजे घोषित हो रहे हैं और एनडीए को बंपर सफलता मिलती नजर आ रही है तब यह कहा जा रहा है कि बिहार के जातीय समीकरण इस बार कहीं न कहीं काम नहीं आए और जनता ने अच्छे कार्यों पर मुहर लगाई। याद रहे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरूण साव के अलावा रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय के अलावा केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, लखनलाल देवांगन, रामविचार नेताम व अन्य को बिहार चुनाव में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने विभिन्न समीकरण को ध्यान में रखते हुए बांका से लेकर लालगंज, बांकीपुर, छपरा, औरंगाबाद, गया समेत 20 से अधिक सीटों पर प्रचार किया। खास बात यह रही कि मजबूत जनाधार और नए कार्यों के आधार पर इन सीटों में अच्छा प्रदर्शन रहा। इसलिए स्वाभाविक रूप से बिहार चुनाव की जीत से भाजपा खेमा छत्तीसगढ़ में खुश है। वजह यह भी है कि छत्तीसगढ़ प्रभारी और बिहार के मंत्री नितीन नवीन ने बेहतर प्रदर्शन किया। इसके अलावा कांग्रेस ने मुंगेर, बेगुसराय, औरंगाबाद, कटिहार, भागलपुर समेत कई सीट के लिए छत्तीसगढ़ से पर्यवेक्षक भेजे थे लेकिन ये कुछ खास नहीं कर सके। ऐसी स्थिति में एक बार फिर कांग्रेस के सामने मंथन का मौका उपस्थित है।




विकासखंड कोरबा के देश्पहरी स्थित चोरनई नदी पर आधारित गोविंदझुंझा जलप्रपात सर्दी के मौसम में खूबसूरत हो गया है। 100 फीट की ऊंचाई से नदी का पानी यहां पर गिरकर एक आकर्षक जलप्रपात तैयार करता है। इस मौसम में वन भोज के साथ प्रकृति का दर्शन करने वाले लोगों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com